26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 17 जनवरी, 2026
अंक- 85 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## दस करोड़ दो वरना मिट्टी में मिला देंगे...

### सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग से मिली धमकी

**मोहाली ( एजेंसी/चिंगारी )**। पंजाबी सिंगर बी प्राक को धमकी मिली है। लॉरेंस गैंग ने सिंगर से दस करोड़ की फिरौती मांगी है। पंजाबी सिंगर दिलनूर को 6 जनवरी की दोपहर ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजी गई है। इससे पहले सिंगर दिलनूर को ही पांच जनवरी को दो बार फोन भी आया था, लेकिन दिलनूर ने कॉल रिसीव नहीं की थी। छह जनवरी को भी विदेश के नंबर से फोन किया गया था। पंजाबी गायक दिलनूर ने एसएसपी मोहाली के पास एक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, उन्हें एक विदेशी नंबर से धमकी भरे कॉल आए हैं।



कॉल करने वाले ने खुद को अरजू बिश्नोई बताया और गायक दिलनूर से कहा कि वह अपने दोस्त, बॉलीवुड और पंजाबी गायक बी प्राक के लिए 10 करोड़ रुपये की फिरौती का संदेश दें। कॉल करने वाले ने चेतावनी दी कि यदि एक हफ्ते के अंदर फिरौती की रकम नहीं दी गई तो बी प्राक को गंभीर नुकसान पहुंचाया जाएगा।

# फडणवीस देवेंद्र, महाराष्ट्र में एकलौते धुरंधर

## निकाय चुनाव के नतीजों ने लगाई मुहर, मुंबई में जीत का जश्न

**मुंबई ( एजेंसी/चिंगारी )**। बीएमसी चुनाव नतीजों के बाद मुंबई में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 'धुरंधर देवेंद्र' पोस्टर लगाए गए। भाजपा ने 227 में से 89 वार्ड जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाई। मुंबई में बीएमसी चुनाव नतीजों के बाद राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्माया हुआ है। देश की सबसे समृद्ध बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में अपना मेयर बनाने का भाजपा का 45 साल पुराना सपना पूरा होने जा रहा है। करीब तीन दशक से चल रहा ठाकरे परिवार का राज खत्म हो गया है।

इसी बीच शहर के कई इलाकों में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तस्वीरों वाले 'धुरंधर देवेंद्र' पोस्टर लगाए गए हैं, जो चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। ये पोस्टर मुंबई भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष तजिंदर सिंह तिवाना की ओर से लगाए गए हैं, जो हाल ही में नगरसेवक भी चुने गए हैं।



पोस्टरों के जरिए भाजपा ने बीएमसी चुनाव में अपनी मजबूत मौजूदगी और नेतृत्व को रेखांकित करने की कोशिश की है। चुनाव नतीजों की बात करें तो 227 वार्डों वाली बृहन्मुंबई महानगरपालिका में भाजपा ने सबसे ज्यादा 89 सीटें जीतकर खुद को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित किया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 'धुरंधर देवेंद्र' जैसे पोस्टर भाजपा की जीत का उत्सव मनाने के साथ-साथ यह संदेश भी देते हैं कि मुंबई की राजनीति में पार्टी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पकड़ मजबूत होती जा रही है। वहीं शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे गुट) को 65 सीटें, एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 29 सीटें और कांग्रेस को 24 सीटों पर संतोष करना पड़ा। इसके अलावा एमआईएमआईएम ने 8, मनसे ने 6, एनसीपी ने 3, समाजवादी पार्टी ने 2 और एनसीपी (एसपी) ने 1 सीट जीती है।

### 29 में से 25 महानगर पालिकाओं में लहराया भगवा

राज्य की 29 महानगरपालिकाओं में से मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पुणे, पनवेल व नासिक में भाजपा-शिवसेना गठबंधन को बड़ी जीत मिली है। भाजपा ने पुणे व पिंपरी चिंचवाड़ में पवार परिवार को मात दी है, जहां चाचा-भतीजे की पार्टी ने मिलकर चुनाव लड़ा था। चार निकायों को छोड़कर सभी निकायों में कहीं भाजपा अकेले तो कहीं शिवसेना के साथ सत्तासीन होगी। भाजपा की स्थापना के 45 वर्षों में पहली बार बीएमसी में भाजपा का महापौर बनेगा। 29 नगर निगमों की 2,869 सीटों का रिजल्ट आ गया है। भाजपा 1441 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 405 सीटें, कांग्रेस को 318, अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) को 164 और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (UBT) को 15 और मनसे को 14 सीटें मिलीं।

## दाल से 30 प्रतिशत टैक्स हटाए भारत

### ट्रेड डील पर बातचीत के बीच अमेरिकी सीनेटरों ने ट्रंप को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )**। कुछ दिन पहले ही अपडेट आया था कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के फर्स्ट स्टेज की बातचीत लगभग पूरी ही हो चुकी है, जल्द ही इसका ऐलान किया जा सकता है। इस बीच अमेरिकी सीनेटर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिट्ठी लिखी है और भारत को अमेरिकी मटर दाल पर से टैक्स हटाने की मांग की है। ट्रंप को लिखी चिट्ठी में अमेरिकी सीनेटरों ने भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट में दलहन फसलों के लिए अनुकूल प्रावधान की मांग की है। राष्ट्रपति ट्रंप से यह सुनिश्चित करने के लिए कह रहे हैं कि भारत पीली मटर (दलहन) पर 30 प्रतिशत टैक्स हटा दे, जिसे अमेरिकी किसान बेचना चाहते हैं। नॉर्थ डकोटा और मोंटाना मटर समेत दलहन फसलों के टॉप दो उत्पादक हैं और भारत इन फसलों का दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, जो दुनिया की कुल खपत का लगभग 27 प्रतिशत हिस्सा यूज करता है। जैसे-जैसे यूनाइटेड स्टेट्स व्यापार में असमानताओं को ठीक करने की कोशिश कर रहा है, अमेरिकी किसान इस कमी को पूरा करने में मदद करने के लिए तैयार है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 18 जनवरी 2026**

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कार्य व्यवसाय में उन्नति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि, शिक्षा प्रतियोगिता में अनुकूलता।

वृषभ- आज दिन 4/41 बजे तक कठिनाइयां, कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, शेष समय बेहतर, परोपकार की भावना जागृत, कुछेक कार्य बनने को।

मिथुन- आज दिन 4/41 बजे तक लाभ का सुयोग, स्वाध्याय की ओर रुझान, धर्म-अध्यात्म में आस्था, शेष समय अशुभ, सफलता में संदेह, आय में न्यूनता।

कर्क- स्वास्थ्य अनुकूल, इच्छित कार्यों में प्रगति, आत्मबल में वृद्धि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, विवादास्पद मसला सुलझने को, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति।

सिंह- इच्छित कार्यों में सफलता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, यात्रा सुखद।

कन्या- आज दिन 4/41 बजे तक प्रतिकूलता, उलझनें उपस्थित, कार्यों में गतिरोध, हानि की आशंका, शेष समय आशाजनक, कार्यों में सफलता, पठन-पाठन में रुचि।

तुला- आज दिन 4/41 बजे तक अनुकूलता, स्वास्थ्य में सुधार, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, शेष समय में स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कार्य क्षमता में कमी, मित्रों से गलतफहमी।

वृश्चिक- अभिलाषा की पूर्ति, स्वास्थ्य सुधार पर, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, वैवाहिक जीवन सुखमय।

धनु- चिरवांछित कार्यों में प्रगति, समस्या के समाधान हेतु स्वजनों से विचार-विमर्श, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, हर्ष भी।

मकर- आज दिन 4/41 बजे तक स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कठिनाइयां प्रभावी, लाभ में कमी, शेष समय बेहतर, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, पठन-पाठन में रुचि।

कुम्भ- आज दिन 4/41 बजे आर्थिक व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, शेष समय आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में असन्तोष, अकारण भ्रमण।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य पक्ष में, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता, यात्रा संतोषजनक।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती जारी रहेगी, उच्च न्यायालय ने शर्तों के साथ दी अनुमति

**ऋषिकेश ( चिंगारी )** जिसे 'विश्व की योग राजधानी' कहा जाता है, अपनी आध्यात्मिकता और शांति के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। यहां के त्रिवेणी घाट पर होने वाली गंगा आरती केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जो आत्मा को शांति और दिव्यता से भर देता है। लेकिन इसे लेकर कुछ विवाद हुआ। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर होने वाली विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती को लेकर चल रहे कानूनी विवाद में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप किया है। अदालत ने जनहित और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को प्राथमिकता देते हुए आरती को कुछ शर्तों के साथ जारी रखने की अनुमति दे दी है।



न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की अवकाशकालीन पीठ ने जनहित और धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह आदेश पारित किया। मामले के अनुसार, ऋषिकेश नगर निगम ने एक आदेश जारी कर श्री गंगा सभा को गंगा आरती करने से इस आधार पर रोक दिया था कि उसका पंजीकरण समाप्त हो चुका है और इसलिए उसे आरती करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

नगर निगम ने श्री गंगा सभा पर व्यावसायिक शोषण और गंदगी फैलाने के आरोप भी लगाए थे। नगर निगम के इस आदेश को चुनौती देते हुए श्री गंगा सभा ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने गंगा आरती के सांस्कृतिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप की प्राचीन सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का हिस्सा है और इसे अचानक रोकना उचित नहीं है। न्यायालय ने कहा कि वर्षों से जारी परंपरा को बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के अचानक समाप्त करना जनहित में नहीं है और इससे तीर्थयात्रियों तथा पर्यटकों को गंभीर असुविधा हो सकती है। हालांकि न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि श्री गंगा सभा का पंजीकरण समाप्त हो चुका है और उसके पास कोई स्थायी अधिकार नहीं है, लेकिन अस्थायी व्यवस्था के रूप में गंगा आरती जारी रखने की अनुमति देना आवश्यक बताया। न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को निर्धारित की है और तब तक श्री गंगा सभा को आरती करने से रोकने के नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही न्यायालय ने निर्देश दिया कि श्री गंगा सभा आरती में भाग लेने के लिए किसी भी श्रद्धालु से कोई प्रवेश शुल्क या धन नहीं लेगी।

नगर निगम की अनुमति के बिना फूल, दीये और अन्य पूजा सामग्री बेचने वाले स्थानीय दुकानदारों से कोई कमीशन या किराया भी नहीं लिया जाएगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि घाट पर गंदगी न फैले, यह सुनिश्चित करने की पूरी जिम्मेदारी श्री गंगा सभा की होगी। आरती के बाद फूल, कपूर, तेल आदि के अवशेषों का उचित निपटान अनिवार्य रूप से किया जाएगा ताकि गंगा नदी प्रदूषित न हो।

## एसडीएम से की सड़क में घटिया सामग्री लगाने की शिकायत

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम हर्षवाड़ा में बन रही सड़क निर्माण में ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने की शिकायत एसडीएम व एडीओ पंचायत से की है। बुधवार को तहसील नजीबाबाद के गांव हर्षवाड़ा निवासी अब्दुल हई व रिहान अंसारी ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व एडीओ पंचायत अनिल कुमार को दिए शिकायती पत्र में कहा कि गांव में प्राथमिक विद्यालय से यूसुफ के मकान तक एक सड़क बन रही है, जिसमें ग्राम प्रधान व ठेकेदार आदि मिलकर पुरानी सड़क पर ही नालिया बनाकर मोटा पत्थर डालते हुए सड़क बना रहे हैं, इससे जल्द ही सड़क टूट जाएगी व नाली का पानी भी लोगों के घरों में अंदर जाएगा। जबकि पुरानी सड़क को तोड़कर सड़क बनानी चाहिए। यह मानक व नियमों के विपरीत है, लेकिन ठेकेदार किसी की नहीं सुन रहे हैं, अपनी हठधर्मिता से कार्य करा रहे हैं। एसडीएम ने बीडीओ व एडीओ पंचायत से सड़क निर्माण की जांच कराने की बात कही।

## इम्पीरियल के विद्यार्थियों ने सांसद खेल स्पर्धा में जीते पदक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने युवा दिवस के अवसर पर 12 से 13 जनवरी तक नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में अक्षय राजपूत ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक, अभिनय चौधरी ने लॉन्ग जम्प में रजत पदक, वंश राज ने लॉन्ग जम्प में कांस्य पदक, अखिल प्रताप ने शॉट पुट में कांस्य पदक तथा हर्षित चौधरी ने जैवलिन में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर बिजनौर नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा श्रीमती इंद्रा देवी एवं डॉ. बीरबल द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय चेयरमैन ओमप्रकाश राजपूत तथा डायरेक्टर एकेडमिक/प्रधानाचार्या अंजना राजपूत एवं खेल शिक्षक उत्सव कुमार द्वारा विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



प्रधानाचार्या अंजना राजपूत के साथ सम्मानित विद्यार्थी।

## इनरव्हील क्लब ने मकर संक्रांति पर महिलाओं को कम्बल बांटे



गरीब महिलाओं को कम्बल बांटतीं इनरव्हील क्लब की सदस्याएं।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** इनरव्हील क्लब ने मकर संक्रांति के मौके पर अध्यक्ष नीरू तागरा के आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें कंबल वितरित किए गए। नीरू नागरा की अध्यक्षता एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मकर संक्रांति के शुभ पर्व पर 50 कंबल एवं मूंगफली रेबड़ी, केले व बर्तन वितरित किये गये। महिलाओं ने कहा कि मकर संक्रान्ति दान-स्नान का पर्व है। इसका दिया दान रिक्त नहीं जाता। इनरव्हील क्लब का उद्देश्य भी यही है कि सेवा कार्य करो। इस मौके पर क्लब की सदस्याओं ने 50 जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल तथा 19 लड़कियों को खाद्य पदार्थ वितरित किये। उन्होंने कहा कि उनका यही प्रयास रहेगा कि आगे भी क्लब हमेशा सेवा कार्य में तत्पर रहे। कार्यक्रम में क्लब की सक्रिय सदस्य पुष्पा, सचिव अमीषा शर्मा, इन्दू गुप्ता, अन्जू मेहरा, पुष्पा पाठक, रूपम अग्रवाल, उमा गुप्ता, उमा मित्तल, सीमा कपूर आदि उपस्थित रहे।

सत्संग की आड़ में धर्म परिवर्तन का आरोप, तीन गिरफ्तार ( पेज 9 )



# कई दिन बाद धूप खिली, सर्दी से राहत मिली

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज कई दिन बाद बिजनौर में सुबह से ही चटक धूप निकली, जिससे लोगों को भीषण सर्दी से काफी राहत मिली। लोगों ने खुले स्थानों व छतों पर खूब धूप सेंकी। पशु-पक्षियों को भी राहत मिली। पिछले कई दिनों से लगातार कोहरे का कोहराम मचा हुआ था। शीतलहर के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही थी। इस कारण सर्दी का सितम जानलेवा साबित हो रहा है। लोग धूप के लिये प्रार्थना कर रहे थे। आज अच्छी धूप निकली, जिससे बुजुर्गों को बहुत राहत मिली। कोहरे व पाले के संयुक्त प्रभाव से पिछले कई दिनों से भयंकर ठण्ड पड़ रही है। लोग सर्दी में ठिठुर रहे हैं। कई दिनों से सूर्यदेव के दर्शन बहुत कम हो रहे थे।



## शुक्रवार को सीजन का सबसे भयानक कोहरा रहा

शुक्रवार को इस साल का अब तक का सबसे भयंकर कोहरा आने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वाहनों की भी रफ्तार थम गई। सारा दिन कोहरे का कोहराम रहा। सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रही। उधर, दिन छिपते ही कोहरा छा गया, जिससे वाहन चलाने में दिक्कत आई। दृश्यता इतनी कम थी कि सामने कुछ भी नजर नहीं आया। हॉर्न बजाकर तथा फॉग लाइट जलाते हुए वाहन रेंगते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचे। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में अभी और गिरावट हो सकती है।





SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये

सिद्धार्थ ज्वैलर्स

गोल्ड टेस्टिंग मशीन



अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं



अन्य सेवाएं-
➢100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी

सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957


# महायुति की जीत की खुशी मनाई, वीर सिंह ने मिठाई खिलाई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिव सेना कार्यकर्ताओं ने बीएमसी चुनाव में महायुति को मिली शानदार सफलता पर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। ग्राम बागड़पुर में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने खुशी मनाई। चौ. वीर सिंह ने कहा कि शिवसेना सुप्रीमो/ उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र में बीजेपी को 45 साल बाद पहला मेयर मिला और बाला साहेब ठाकरे के विचारों को जीवित रखने के लिए एकनाथ शिंदे ने फिर साबित कर दिया कि मराठा मानुष व संपूर्ण भारत का हिंदू समाज शिवसेना के साथ है। यह जीत महायुति गठबंधन की है। महायुति को महाराष्ट्र की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी गठबंधन धर्म निभाना चाहिए। इस अवसर पर रितुल शर्मा, युवा जिला उप प्रमुख विजय मोहन गुप्ता, जिला उप प्रमुख मुकेश लंबा, जिला महामंत्री शोभित गुर्जर, तहसील प्रमुख शशि कुमार, डॉक्टर पुलकित शर्मा, सोनू कुमार, कृष्ण पाल प्रजापति,शंकर चौधरी, जंगपाल गुर्जर, आदि मौजूद रहे।



## श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिये हुई पहली रजिस्ट्री

**मथुरा ( एजेंसी/चिंगारी )।** कान्हा की नगरी वृन्दावन में भव्य और दिव्य श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को भूमि की पहली रजिस्ट्री सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित उच्च स्तरीय प्रबंध समिति और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से कॉरिडोर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से न केवल दर्शन सरल होंगे, बल्कि समूचे ब्रज क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए बिहारीपुरा क्षेत्र की संपत्ति संख्या- 25 के एक भाग (69.26 वर्ग मीटर) की रजिस्ट्री तहसीलदार सदर के पक्ष में की गई।


Hero

हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर

Hero

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!



MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी...



## मेरी मर्जी!

1995 में एक बॉलीवुड फिल्म आई थी, जिसका एक गाना उन दिनों बेहद मशहूर हुआ था, मैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं, मेरी मर्जी। निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने ये गाना नहीं सुना होगा, लेकिन उन्होंने हाल ही में न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में जो कहा है, उसका भावार्थ कुछ यही निकलता है। उन्होंने कहा है, सिर्फ मेरा दिमाग ही मुझे रोक सकता है। मेरी अपनी नैतिकता और अपना दिमाग। यही वे चीजें हैं, जो मुझे रोक सकती हैं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है और न ही इसकी ज़रूरत। तीन जनवरी को वेनेजुएला में की गई अमेरिकी कार्रवाई के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप का इन शब्दों का प्रयोग करना दुनिया के लिए निश्चित तौर पर डरावना है। सुपर पावर के रूप में स्थापित होने के बाद से ही अमेरिका की सोच और कार्यशैली ऐसी ही रही है। अमेरिका की सत्ता में दो ही पार्टियों का वर्चस्व है। चाहे रिपब्लिकन पार्टी हो या फिर डेमोक्रेटिक पार्टी, दोनों के राष्ट्रपतियों की कार्यशैली कम से कम विदेश मामलों में एक जैसी ही रही है। ट्रंप खुलकर 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति और नीयत का हवाला देते हैं, लेकिन दूसरे राष्ट्रपति ऐसा कहने से बचते रहे हैं। अलबत्ता, उनके भी कदम हमेशा ऐसा ही रहे हैं। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई हो, खाड़ी युद्ध हो, सूडान स्थित अमेरिकी दूतावास पर आतंकी हमले के बाद अमेरिकी कार्रवाई हो, वियतनाम का युद्ध हो, ईरान पर कार्रवाई हो, हर जगह अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करता रहा है। बेशक उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी है। हाल ही में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रपति रहे डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन की सेनाएं अफगानिस्तान छोड़कर भाग खड़ी हुईं। वियतनाम का युद्ध लंबा चला था। इसे शुरू किया था डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने और जब अमेरिका वियतनाम युद्ध में फंसता नजर आया तो रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रहे रिचर्ड निक्सन ने सेनाओं की वापसी कराई। कुवैत पर जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने हमला किया, तब जार्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति थे।

# बर्फीली हवाएं और सुलगते जज्बात!



परवेज़ आदिल माही

उत्तर भारत में जनवरी की ठिठुरन ने जब दस्तक दी, तो फिजाओं में सिर्फ कोहरा ही नहीं, बल्कि यादों और एहसासों का एक सैलाब उमड़ पड़ा। यह कड़ाके की ठंड जहां बदन में कंपकंपी पैदा करती है, वहीं शायरों के दिलों में दबे जज्बात को लफ़्ज़ों की शक्ल में बाहर ले आती है। किसी के लिए यह मौसम महबूब की यादों की गर्माहट है, तो किसी के लिए सामाजिक बेबसी का एक कड़वा सच।

वक्त की इस बर्फीली चादर पर उकेरे गए इन चुनिंदा अशआर के जरिए ठंड के अलग-अलग रंगों को महसूस करते हैं।



**तन्हाई, यादें और रूमानी अहसास**

**ठंड की लंबी और खामोश रातें अक्सर दिल के दरवाजे पर दस्तक देती हैं।**

अकरम नगीनवी उस तन्हाई और चाहत को इन अल्फाजों में पिरोते हैं!

**सर्दियों की हसीन रातों में,**
**पास तुमको अगर बुला लेते**
**हम तड़पते न सर्द रातों में,**
**तुम को सीने से जब लगा लेते।**

वहीं दाऊद अकबराबादी सर्दी के उस शुरुआती मंजर को खूबसूरती से बयान करते हैं, जब शाम होते ही ठंड का अहसास गहराने लगता है।

**लीजिए सर्दियां आ गईं,**
**चांद छत पर निकलने लगे।**

इसी रूमानी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अशरफ शेरकोटी अपनी ख्वाहिश का इजहार कुछ यूं करते हैं।

**यही ख्वाहिश है इस दिसम्बर की, एक कॉफी हो जनवरी के साथ**
**किया मेरे घर तुम आना चाहोगी, बात कर लूं मैं जिंदगी के साथ।**

कुदरत का तेवर और बेबस सूरज...जब कोहरा अपनी हदें पार करता है, तो आसमान का राजा 'सूरज' भी लाचार नज़र आता है। मुश्ताक दरभंगावी ने इस मंजर की सजीव तस्वीर खींची है।

**छाई है धुंध ऐसी आता नहीं नज़र कुछ,**
**देखा न था कभी जो वो देखना पड़ा है**
**ठंडी हवा के झोंकों का देखते ही तेवर,**
**सूरज भी डर के मारे बादल में छुप गया है।**

इस बेहाली का असर हर उम्र पर है, जिसका जिक्र शाहिद अंजुम अपनी इन पंक्तियों में करते हैं ।

**बूढ़े हों या जवान हों या बच्चे अल-ग़रज़,**
**सर्दी से आजकल तो हर इक शख्स निढाल है**
**ज़ीनत-लिहाफ की हैं तो कुछ शैदाई आग के,**
**घर से निकलना दोस्तों सबका मुहाल है।**

अमीरी की सुख-सुविधा और गरीबी की मार, ठंड का एक चेहरा वह है जो बंद कमरों और हीटरों के पीछे छिपा है, और दूसरा वह जो खुले आसमान के नीचे सिसक रहा है। तहजीब अबरार सहसपुरी का यह शेर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है।

**तिश्नगी से पूछिये कि अज़्मते दरिया है क्या**
**रोशनी की अहमियत तीरां शबों से पूछिये**
**आपके तो बंद कमरे में भी हीटर ऑन है**
**सर्द रातों की अजिय्यत बै घरों से पूछिये**

इसी सामाजिक हकीकत को सुनील साहिल देहरादून ने बहुत ही दर्दनाक अंदाज में बयां किया है।

**इस क़दर था सर्द मौसम का मिज़ाज,**
**घर से बाहर कोई भी आया नहीं**
**बस वही कुछ लोग थे फुटपाथ पर**
**जिनके सर पर छत नहीं, साया नहीं।**

नौशाद आलम शाद धामपुरी हर सुविधा होने के बाद भी ठिठुरन महसूस करते हैं।

**है स्वेटर और जैकेट जर्सी भी है ज़ेब-ए-तन,**
**अब सुकूं देती नहीं है कोई भी वर्दी मुझे**
**सामने हीटर है मेरे घर में हूं बैठा हुआ,**
**क्या बताऊं लग रही है किस कदर सर्दी मुझे।**

एकता का संदेश और जज्बों की गर्मी, भले ही मौसम सर्द हो, लेकिन -अलाव' इंसानों को करीब लाने का काम करता है। तश्ना नगीनवी इस मौसम में कौमी एकता का सबक ढूंढ लेते हैं। लिखते हैं

**सर्द मौसम भी खूब मौसम है**
**एकता का सबक सुनाता है**
**देशवासी करीब आते हैं**
**जब अलाओ कोई जलाता है।**

बाजारों की रौनक और चाय-कॉफी का दौर नईम अख्तर रंग के इस शेर में साफ झलकता है-

इस कदर मौसम-ए-सर्दी पे शबाब, जिस को देखो वो हाथ मलता है

**हर तरफ शोर चाय कॉफी का,**
**हर तरफ इक अलाव जलता है ।**

सर्दी इंसान के हुस्न और उसकी रंगत को भी प्रभावित करती है। तैयब आजाद शेरकोटी ने इसे बड़े ही अनोखे ढंग से देखा है।

**चहरा-ए-रोशन पे पड़ती जा रही हैं झुर्रियां,**
**दीदनी है हुस्न वालों का बदलता रूप भी**
**सुबह ओ शाम-ए-सर्द से कोई शिकायत क्या करें**
**दूर बैठी हंस रही है दोपहर की धूप भी।**

और आखिर में, शकील जमाली साहब उन तमाम लोगों की नुमाइंदगी करते हैं जो इस ठंड के बावजूद अपने काम और जुनून के लिए बाहर निकलने का हौसला रखते हैं,

**इस सर्दी में घर से कौन निकलता है**
**हमें हमारे शेर उठाए फिरते हैं।।**

यह मौसम हमें याद दिलाता है कि जिंदगी में धूप और छांव, गर्मी और ठिठुरन दोनों का महत्व है। बस जरूरत इस बात की है कि हम अपनी रजाई की गर्माहट में उन लोगों को न भूलें जिनके पास 'अलाव' जलाने के लिए सूखी लकड़ियां भी मयस्सर नहीं हैं।

## जी राम जी आया है...

**नया अधिनियम विकसित भारत-जी राम जी आया है।**
**रोजगार की बढ़ी हुई पक्की गारंटी लाया है।।**
**'मनरेगा' हो गई खत्म न, संशोधन परिवर्धन है।**
**श्रमवीरों की हकदारी में, बहुत बड़ा परिवर्तन है।।**
**टूट गई सौ दिन की सीमा, दिवस और पच्चीस बढ़ रहे।**
**सुखदायी होगा परिवर्तन, हर विश्लेषक यही कह रहे।**
**खेती-बाड़ी के सीजन में, साठ दिनों अवकाश रहेगा।**
**उत्पादन के बढ़ जाने से, कृषकों में उल्लास रहेगा।**
**जल संरक्षण से सबंधित, कार्य प्रथमतः किए जाएंगे।**
**अवसंरचना और लाईवलीहुड के कार्य लिए जाएंगे।।**
**पंचायत की कार्ययोजना, पंचायत खुद पास करेगी।**
**कार्य करेगी खुद पंचायत, पूरी सबकी आश करेगी।।**
**विकसित भारत लक्ष्य हमारा, हम पूरा कर दिखलाएंगे।**
**'जी राम जी' के रथ चढ़कर, निश्चित मंजिल हम पाएंगे।।**



राम बहाल राम
उपायुक्त ( श्रम रोजगार ), बिजनौर।
मो. 9794496067, 9451420888

# हिन्दू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट हों : स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश






## झालू में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**झालू (चिंगारी)।** शुक्रवार को हृदयानन्द सार्वजनिक इण्टर कॉलेज झालू के मैदान में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन अनुशासित एवं ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हिन्दू धर्म, हिन्दू सहयोग एवं स्वाभिमान के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार रखे गए।

सम्मेलन की अध्यक्षता स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश महाराज (पं.पू. महामण्डलेश्वर) ने की, जिन्होंने अपने उद्बोधन में समाज को संगठित रहने और धर्म-संस्कृति की रक्षा हेतु एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदू, हिन्दू बना रहे इसका प्रयास आरएसएस कर रहा है। हम सब बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमने हिंदू धर्म और भारत भूमि में जन्म लिया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अरुणकांत (अखिल भारतीय सहसंयोजक, धर्मजागरण-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने हिन्दू समाज की वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए संगठन, संस्कार और समर्पण को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने बच्चों को अच्छी आदतें और अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि डॉ. हरीश रोतेला (क्षेत्र सहसम्पर्क प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने कहा कि हिन्दू समाज की एकता ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है और सामाजिक समरसता के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने हिन्दव: सोदरा: सर्वे के भाव को आत्मसात करते हुए समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजकों के अनुसार यह सम्मेलन हिन्दू समाज को संगठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है। कार्यक्रम का संचालन शिवम् अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, झालू मंडल व अगरी मण्डल द्वारा किया गया।

समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह एवं कार्यकारिणी में योगेश सिंह, मास्टर विजय, उमंग काकरान, रोहित जोशी, पुरु चौधरी, गौरव अग्रवाल, ऋतिक, हिमांशु, सत्यम, शुभम, सुमित, मुकुल, निखिल, अंकित, सुशील विश्वकर्मा रहे। इसके अलावा अनंत चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह, योगी जलालपुर, उमंग काकरान, लव अग्रवाल, गौरव डबरा, योगेश राणा, सुधीर, सौरव अग्रवाल, पुष्पेंद्र, मुकुल चौधरी, अनमोल, रानू, अनुज चौधरी, मुकेश वर्मा, ओमवीर, अमित, राजीव, संजीव राणा, सुखलेश अग्रवाल एडवोकेट, डॉ. जीसी राय बंगाली, मुकेश वर्मा, पंडित राजू शर्मा, मंडल अध्यक्ष झालू चिंकी गुप्ता, रॉबिन चौधरी तथा भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा चौक बनाने की मांग



**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर में विश्वकर्मा चौक के निर्माण की मांग को लेकर विश्वकर्मा विकास सेवा एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि विश्वकर्मा चौक के निर्माण का उद्देश्य समाज की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करना और शिल्प व निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा के प्रति सम्मान प्रकट करना है। इस दौरान अनिल शर्मा, सुरेंद्र कुमार, रमेश शर्मा, योगेश शर्मा, विज्ञान देव, दयाराम शर्मा, नरेंद्र शर्मा (पेदा), वीरेंद्र शर्मा (सदुपुरा), आशु शर्मा, नरेंद्र धीमान और मोहित धीमान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कोमेन्द्र सिंह बने जिलाध्यक्ष

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय नई बस्ती निवासी कोमेंद्र सिंह को भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के विधि प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर की संस्तुति पर की गई। कोमेंद्र के अध्यक्ष बनने से उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कोमेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## गलती से दूसरे के खाते में गये एक लाख रुपये, साइबर टीम ने वापस कराये

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर कोतवाली पुलिस व साइबर टीम ने एक महिला के खाते से गलती से दूसरे व्यक्ति के खाते में चले गए एक लाख रुपये वापस दिला दिए। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़िता को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा, मुस्लिम फंड निवासी अफसाना बेगम पत्नी यामीन मलिक ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने बेटे के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर रही थी, लेकिन गलती से रकम किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में चली गई। पैसे वापस न मिलने पर उन्होंने साइबर टीम से मदद की गुहार लगाई। पुलिस व साइबर टीम ने जांच शुरू की। पता चला कि यह धनराशि सोनम देवी पत्नी पंकज कुमार निवासी ग्राम सादपुर, थाना नूरपुर के बैंक खाते में पहुंच गई थी। टीम ने संबंधित बैंक से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई और 16 जनवरी को पूरी रकम पीड़िता के खाते में वापस करा दी। पैसे लौटने पर अफसाना बेगम ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साइबर टीम की तत्परता के कारण ही उनके रुपये वापस मिल सके।

## सोनू कश्यप हत्याकांड की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग

### सीएम को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को दिया

**बिजनौर (चिंगारी)।** निषाद पार्टी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मेरठ के ग्राम ज्वालागढ़ी निवासी सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में हत्या प्रकरण में संलिप्त, उदासीन एवं पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाने, हत्या प्रकरण की उच्च-स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा ग्राम समाज की पट्टे की भूमि दी जाने की मांग की गई। परिवार को सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने तथा मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की भी मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष नवीन कश्यप, जिला महासचिव डॉ. ऋषिपाल कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष जीत सिंह, विधानसभा अध्यक्ष बिजनौर जसवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नजीबाबाद जितेंद्र कुमार, संगठन जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, मांगेराम कश्यप, घसीटा सिंह, रामसिंह प्रधान आदि रहे।



# धार्मिक संस्थाओं ने समारोह करके आयोजित पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी को किया सम्मानित


नगर पालिका अध्यक्ष को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की दो धार्मिक संस्थाओं श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी खारी कुआं तथा श्रीराम कमेटी की ओर से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आयोजित समारोह में पहुंचे नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह को सभासदों मनोज कुमार गोयल पप्पी तथा प्रभात कुमार गुप्ता जोंटी व संस्था के अध्यक्ष विनीत वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

नगर के खारी कुआं पर श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल कटका, सचिव सुशील कुमार माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष सौरभ मालपानी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शंकर एवं माता पार्वती तथा भगवान गणेश और कार्तिकेय के सामूहिक पूजन एवं आरती से किया गया। कार्यक्रम में शरद कौशिक, वीर संजय कुमार जैन, सुगम जैन, अरुण कुमार शर्मा, अलवा भैया, शिवांश शर्मा, संजय कुमार अग्रवाल, बढ़ापुर वाले डॉक्टर ईश्वर चंद शर्मा, मंदिर के पुजारी पंडित जोगेंद्र गिरि आदि का योगदान रहा।

उधर, मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की धर्मशाला में श्री राम कमेटी की ओर से समारोह का शुभारंभ भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम को सफलता दिलाने में विनीत वर्मा, पीयूष अग्रवाल, नमन जैन, अमन जैन, दीपक जैन, पंडित बालेश दीक्षित, पंडित आर्यन दीक्षित, अंकित सैनी, ईशान वर्मा, कन्हैया भारद्वाज, कार्तिक कुमार, वैभव कुमार, अक्षत शर्मा, केशव अग्रवाल, प्रथम चौहान, ग्रंथ रस्तौगी, विनोद कुमार शर्मा, प्रियांशु वर्मा, सरदार गुरदीप सिंह, विदिता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, अंजलि मुद्गल धार्मिक संस्था गणेश मित्र मंडल के संस्थापक गणेश मराठा आदि का योगदान रहा।

# पिकअप चालक ने खंभे में मारी टक्कर बिजली हो गई गुल, महिला हो गई घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार की रात साढ़े नौ बजे नगीना चौराहे पर एक पिकअप चालक ने बिजली के खंबे में गाड़ी ठोक दी, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई और सावित्री देवी नामक एक महिला घायल हो गई। मौका पाकर पिकअप चालक फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार कल रात 9.30 बजे एक पिकअप चालक नगीना चौराहे से नहटौर ओवर ब्रिज की ओर जा रहा था कि अचानक वह गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे बिजली गुल हो गई। इसी बीच पिकअप चालक ने जब गाड़ी को बैक किया, तो फुटपाथ पर मूंगफली, चने बेचने वाली महिला सावित्री देवी के तिरपाल का बांस उन पर गिर गया, जिससे वह घायल हो गई। बताया जाता है कि पिकअप चालक ने जब गाड़ी को भगाने का प्रयास किया, तो वह कार से टकरा गई। इस बीच आसपास के लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, मगर वह चकमा देकर फरार हो गया। इस घटना से नगीना चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# ज़रूरतमंदों को कंबल वितरित किये


कंबल वितरित करते हुए विधायक अशोक कुमार राणा।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील सभागार में कल कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, एसडीएम सुश्री स्मृति मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, राजवीर सिंह गहलौत ने संयुक्त रूप से निर्धन व बेसहारा, लोगों को कंबल वितरित किये। इस अवसर पर विधायक अशोक राणा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शीत लहर में निराश्रित लोगों की सेवा करना ही भगवान की पूजा के समान है। उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा ने कहा कि चिन्हित लोगों को ही कंबलों का वितरण किया गया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# चेयरमैन ने सफाईकर्मियों को बांटी गर्म वर्दी



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद परिसर में सफाईकर्मियों के लिए वर्दी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिकाध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने सफाई मित्रों को ट्रैक सूट, जूते तथा महिला कर्मचारियों को गर्म सूट वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर 2025 को हुई बोर्ड बैठक में सफाईकर्मियों को शीतकालीन वर्दी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसके अनुपालन में यह वितरण किया गया। पालिकाध्यक्ष ने जानकारी दी कि नगर पालिका के स्थायी, संविदा एवं आउटसोर्सिंग के कुल 177 कर्मचारियों को वर्दी दी गई है। इनमें 133 पुरुष कर्मियों को ट्रैक सूट व जूते तथा 44 महिला कर्मियों को गर्म सूट प्रदान किये गये।

उन्होंने सफाई कर्मियों से शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए निष्ठा और परिश्रम के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सफाई लिपिक नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता, सभासद संतोष राजपूत, सुमित माहेश्वरी, हिमांशु कुमार, सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजीव चैनवाल, उपाध्यक्ष मनजीत सिंह, महामंत्री आशीष पवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अलकनंदा नदी में गिरा वाहन, एक की मौत



**नैनीताल ( चिंगारी )।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग शहर से लगभग 5 किमी दूर रैंतोली में देर रात एक बोलोरे वाहन अलकनंदा नदी में समा गया। वाहन में सवार एक व्यक्ति का शव बरामद हो गया है, जबकी वाहन का नदी में कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वाहन में अन्य लोग भी सवार थे या नहीं, इसके लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। वाहन रात के अंधेरे में हाईवे किनारे लगे पैराफिट को तोड़ते हुए लगभग 100 मीटर गहरी खाई से होते हुए अलकनंदा नदी में समा गया। वाहन नदी में डूब गया है या बह गया है, कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वाहन में अन्य लोग भी सवार हो सकते हैं, इसके लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# अग्रवाल महिला समाज ने बाबा खाटू श्याम का दरबार सजाया

## ज्योति किरण राणा एवं रेनू गोयल को सम्मानित किया


श्रीमती ज्योति राणा को सम्मानित करते हुए मंदिर के पुजारी पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित बाबा खाटू श्याम जी के 140 वें कीर्तन दरबार में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति किरण राणा तथा सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रेनू गोयल सहित अनेक महिलाओं को पटके पहना कर सम्मानित किया गया। दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर में अग्रवाल महिला समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। मंदिर के पीठाधीश्वर एवं शिव महापुराण कथा वाचक आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य यजमान विधायक अशोक कुमार राणा की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति किरण राणा व एसबीडी कॉलेज की प्रबंधक श्रीमती रेनू गोयल रहे। कार्यक्रम पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित अमित कुमार वशिष्ठ ने संपादित कराया। पूजन कार्यक्रम में सहभागिता सभी महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक श्याम वंदना तथा आरती एवं विशाल भंडारे से किया गया।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पति व ससुर गिरफ्तार


मृतका का फ़ाइल फ़ोटो।


घटना की जानकारी करती पुलिस।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव गुनियाखेड़ी में शुक्रवार को विवाहिता प्रीति (35) पत्नी दीपक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे महिला के मायके वालों ने हंगामा करते हुए ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। मृतका के भाई गोविंदा ने पुलिस को दी तहरीर में महिला के ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मृतका के पति दीपक व ससुर ब्रजेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस चौकी राजा का ताजपुर प्रभारी राजवीर सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। थानाध्यक्ष विकास कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। बताया गया कि मृतका का विवाह करीब दस वर्ष पूर्व हुआ था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। सीओ देश दीपक सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# नारी कल्याण सेवा समिति ने बैराज पर श्रद्धालुओं को बांटी खिचड़ी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नारी कल्याण सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर बैराज घाट बिजनौर पर खिचड़ी वितरण किया गया। संगठन की अध्यक्ष मीनाक्षी गुप्ता ने गंगा स्नान की महत्ता तथा संक्रांति महत्व लोगों को बताया। महामंत्री एडवोकेट पूनम वैष्णव ने बताया मकर संक्रांति से देव दिन की शुरुआत होती है। सूर्यदेव उत्तरायण होते हैं। कार्यक्रम में महामंत्री पूनम वैष्णव, उपाध्यक्ष उर्मिला, कोषाध्यक्ष मनीषा, मीडिया प्रभारी प्रतीक्षा गौर, मंत्री नीलम वर्मा, सुनीता, कनक, नीतू, पूनम वर्मा, रानी, पिंकी, मीनाक्षी वर्मा, सीमा वर्मा, सोनिका चौधरी आदि उपस्थित रहीं।

# परिवहन विभाग के अधिकारियों ने की स्कूली वाहनों की जांच



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शुक्रवार को जनपद के विभिन्न स्कूली वाहनों के मानकों एवं प्रपत्रों की जांच कमल प्रसाद गुप्ता, उपपरिवहन आयुक्त, बरेली शिवशंकर सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन बिजनौर एवं मुन्नालाल यात्री/मालकर अधिकारी, बिजनौर ने की। स्कूल बसों में लगे फायर सेफ्टी सिलेंडर, फास्टेड बॉक्स, बसों की सीटों एवं इमरजेंसी खिड़की, सभी वाहनों के प्रपत्रों प्रदूषण प्रमाण पत्र, फिटनेस प्रमाण-पत्र तथा परमिट आदि प्रपत्रों की जांच की गई तथा सभी प्रपत्र अद्यतन रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई तथा स्कूल संचालकों को सभी चालकों का नेत्र परीक्षण व चरित्र सत्यापन कराने हेतु तथा फायर सेफ्टी सिलेंडर को जांच कराते हुए निर्देशित किया गया।

# अश्लील वीडियो बनाकर धमकी दे रहा मुझसे शादी नहीं की तो मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ूंगा !

**बिजनौर ( चिंगारी )। समीपवर्ती एक गांव में अपनी बहन के घर रह रही युवती ने एक युवक पर जबरन संबंध बनाकर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।**

किरतपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती कई माह पहले शहर कोतवाली के गांव में अपनी बहन के चोट लगने पर काम में मदद के लिए उसके घर पर रह रही थी। इस दौरान 8 अगस्त को उसकी बहन के देवर ने उसके साथ कमरे में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। युवती का आरोप है कि आरोपी उसके परिवार पर उसकी शादी उसके साथ करने का दबाव बना रहा है तथा न करने पर उसकी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसके परिवार को फोन पर धमकी दे रहा है कि यदि उसकी कहीं और शादी हुई तो वह फोटो व वीडियो सार्वजनिक कर देगा, जिससे वह समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। इससे उसका पूरा परिवार मानसिक तनाव में है। 11 जनवरी को भी आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसकी बात नहीं मानी गई तो पूरे परिवार को अंजाम भुगतना होगा। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

दूसरी ओर, शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी का कहना है कि युवक पक्ष ने पहले युवती पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उसमें दबाव बनाने के लिए युवती पक्ष मुकदमा दर्ज कराना चाहता है। दुष्कर्म या वीडियो के कोई साक्ष्य नहीं दे रहे हैं। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षकों के मसीहा को श्रद्धांजलि अर्पित की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा की पांचवीं पुण्यतिथि पर राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशनलाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने ओमप्रकाश शर्मा को शिक्षक समाज का सबसे बड़ा हितैषी और मसीहा बताते हुए कहा कि उनके अद्वितीय त्याग व बलिदान के कारण ही आज शिक्षक समाज गौरवपूर्ण स्थिति में है। जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ ने कहा कि आज शिक्षकों को मिलने वाला सम्मानजनक वेतन, सुविधापूर्ण जीवनशैली ओमप्रकाश शर्मा जैसे महान शिक्षक हितैषी की ही देन है। कहा कि दीन-हीन अवस्था में गुलामी जैसी दशा में फंसा हुआ शिक्षक आज यदि सम्मानजनक स्थिति में है तो उसका संपूर्ण श्रेय ओमप्रकाश शर्मा और उनके सहयोगियों को जाता है। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि हम शिक्षकों के लिए अपना सब कुछ निछावर कर देने वाले ओपी शर्मा को याद रखें और आने वाली पीढ़ी को उनके योगदान उनके समर्पण और त्याग के विषय में बताते रहें। सुधांशु वत्स ने कहा कि जिस समय ओपी शर्मा ने संगठन की बुनियाद रखी, उस समय शिक्षकों को हीन भावना से देखा जाता था। आठ बार निरंतर शिक्षक विधायक रहे शर्मा ने सदन में शिक्षकों की छोटी से छोटी समस्या को सरकार के समक्ष रखा और आज की गौरवपूर्ण स्थिति में शिक्षकों को लाने का संपूर्ण श्रेय उन्हीं का है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष भूपेंद्रपाल सिंह, शाखा मंत्री तेजपाल सिंह, सुधीर कुमार, बृजेश कुमार, सुभाष बाबू, सत्यप्रकाश गंगवार, बालेश कुमार, नरेंद्र सिंह, मोहम्मद अनस, वीरेंद्र कुमार, मनोज यादव, विनोद यादव, चंद्रहास, करणवीर सिंह, अलका रानी, प्रदीप कुमार सिंह, भोलानाथ, रश्मि चौहान, लक्षेश कुमार, जितेंद्र पाल, विनीत कुमार, नरेश कुमार, जयप्रकाश कुमार चौहान, पुष्पेंद्र कुमार, छवि गर्ग, राजेंद्र सिंह, अनुराग भारद्वाज, निर्मला यादव आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ओपी शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पदाधिकारियों का मनोनयन किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी एकता परिषद की एक बैठक जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद अंसारी के प्रतिष्ठान पर उनके ही संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला मंत्री राजीव कुमार ने की। बैठक में मुख्य वक्ता राहुल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई व आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गयी। बैठक में संगठन के द्वारा कुछ व्यापारियों को सदस्यता भी दिलायी गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा शाकिर मंसूरी को जिला सहसंगठन मंत्री, अजीम अहमद को जिला प्रचार मंत्री, फहीम अहमद को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने बताया कि संगठन के द्वारा सदस्यता अभियान को तेज करते हुए ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को जोड़ा जायेगा।

# दूसरे दिन तेज़ी से हुआ उ.प्र. बार काउंसिल के लिये मतदान


मतदान के लिये कतार में लगे अधिवक्ता।


महिला अधिवक्ता को व्हीलचेयर पर लाते हुए अधिवक्ता साथी।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रथम चरण के दूसरे दिन भी मतदान तेजी से शुरू हुआ।

अधिवक्ता प्रातः 10 बजे से ही अपना मत डालने के लिए लाइन में लग गए। चटकती धूप खिलने के साथ ही अधिवक्ताओं की लाइन भी मतदान केंद्र पर लम्बी होती गयी। चुनाव अधिकारी /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामवतार यादव की देखरेख में कल की अपेक्षा आज मतदान तेजी से चला। कुल 2245 अधिवक्ताओं में से कल 885 ने मत डाले और आज समाचार लिखे जाने तक जजी परिसर में 1250 से अधिक मत पड़ चुके थे। सुरक्षा व्यवस्था व शांतिपूर्ण निष्पक्ष रूप से चुनाव कराने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रकाशचंद्र शुक्ला, निर्जेद्र सिंह, तलेवर सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार आदि के साथ मतदान पर नज़र बनाये रहे। पुलिस क्षेत्रधिकारी संग्राम सिंह तथा इंस्पेक्टर रामप्रताप सिंह शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पुलिस बल के साथ मतदान केंद्र के बाहर पूरी तरह मुस्तैद रहे। जजी गेट से अधिवक्ताओं के वाहनों को आज भी पुलिस ने अंदर नहीं जाने दिया, जिससे जजी चौक के आसपास जाम की स्थिति बनी रही। जजी गेट व मतदान केंद्र के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिवक्ताओं को सी.ओ.पी. कार्ड या रजिस्ट्रेशन कार्ड दिखाने पर ही मतदान करने दिया। मतदान के कारण अधिवक्तागण न्यायिक कार्यों से विरत रहे तथा वादकारी भी परेशान नज़र आये। बिजनौर जजी परिसर में बिजनौर के आलावा धामपुर क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने मतदान किया। इसके अलावा चांदपुर, नजीबाबाद, नगीना मुंसफी में भी दूसरे दिन आज शांतिपूर्ण मतदान चल रहा है।

# कैसा प्रधान चाहते हैं आप ?

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अभी घोषणा तो नहीं हुई है, लेकिन अधिकतर गांवों में चुनावी सुगबुगाहट दिखाई देने लगी है। पंचायत चुनाव खासकर ग्राम प्रधान पद के चुनाव के दौरान गांवों में शराब की नदियां बहती हैं तथा खूब पैसा बंटता है। यह चलन ग्रामीण परिवेश तथा वहां के विकास के लिये बेहद खराब है।

गांव लोकतंत्र की सबसे मजबूत और बुनियादी इकाई है। ग्राम प्रधान केवल एक पद नहीं, बल्कि गांव की दिशा और दशा तय करने वाला नेतृत्व होता है। ऐसे में यह सवाल बेहद जरूरी है कि हम किस तरह के उम्मीदवार को अपना ग्राम प्रधान / प्रतिनिधि चुन रहे हैं। वह जो शराब, कबाब और तात्कालिक लालच का सामान बांटता है या वह जो शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की बात करता है।




जो ग्राम प्रधान पद का प्रत्याशी चुनाव के समय शराब, कबाब, पैसे या अन्य प्रलोभन देता है, वह असल में गांव की मजबूरी और गरीबी का फायदा उठाता है। ऐसा प्रत्याशी गांव की सत्ता को सेवा नहीं, निवेश का माध्यम मानता है। चुनाव जीतने के बाद उसकी पहली प्राथमिकता होती है लुटाया हुआ ( खर्च किया गया) पैसा वसूलना। विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार फैलाना, फर्जी लाभार्थी दिखाना, अधूरे कार्य करना और कमीशनखोरी को बढ़ावा देना आम बात हो जाती है। नशा, गांव में अपराध, घरेलू हिंसा, गरीबी और बीमारी को बढ़ावा देता है। ऐसे ग्राम प्रधान से गांव के विकास की उम्मीद करना वैसा ही है, जैसे ज़हर की खेती करने वाले से अमृत पाने की इच्छा रखना।

जो उम्मीदवार शिक्षा, स्कूल, स्वास्थ्य, खेलकूद, प्रतियोगी परीक्षाओं, साफ-सफाई और समृद्धि की बात करता है, वह गांव को सुखद भविष्य की ओर ले जाना चाहता है। शिक्षा पर जोर देने वाला प्रधान बच्चों को मजदूरी नहीं, मौके देता है। स्वास्थ्य और साफ-सफाई की सोच, बीमारियों पर पर होने वाले खर्च कम करती है। खेल प्रतियोगिताएं और प्रतियोगी परीक्षाएं युवाओं को नशे से दूर रखकर आत्मनिर्भर बनाती हैं। योजनाओं का सही क्रियान्वयन गांव की आर्थिक स्थिति को मजबूत करता है। ऐसा उम्मीदवार गांव को केवल आज नहीं, आने वाली पीढ़ियों के लिये बेहतर बनाना चाहता है।

वोट शराब, कबाब के लिये देंगे, तो गांव नशे में डूबेगा। वोट शिक्षा को देंगे, तो गांव ऊंचाईयों पर पहुंचेगा। लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत मतदाता के पास होती है। यदि हम अपने वोट को शराब और कबाब के बदले बेच देते हैं, तो हमें भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अव्यवस्था ही मिलेगी। लेकिन यदि हम जागरूक होकर विकासवादी सोच वाले उम्मीदवार को चुनते हैं, तो गांव आत्मनिर्भर, शिक्षित और स्वस्थ बनेगा।

**– मा. भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग, शिक्षक एवं विचारक**
**निवासी ग्राम तैयबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर, विकास खंड नजीबाबाद ( बिजनौर )**

# डॉ. मोहित शर्मा की नि:शुल्क कुल्हड़ वाली चाय लोगों को सर्दी में राहत का अहसास दिलाये




**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजसेवा के अनेक पहलू होते हैं। डॉ. मोहित शर्मा ने चाय सेवा अभियान चलाकर सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित किये हैं।

दरअसल, हर साल दिसम्बर व जनवरी में भीषण ठण्ड पड़ती है। ऐसे में उन लोगों पर बहुत बुरी गुजरती है, जिन्हें शीतलहर में भी बाहर निकलना पड़ता है। खासकर उन लोगों को बहुत कष्ट भोगना पड़ता है, जिनके पास पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं होते और उन्हें किसी न किसी काम से बाहर निकलना पड़ता है। साहित्य विहार निवासी डॉ. मोहित शर्मा ने 5 साल पहले सर्दी का सितम झेलने वाले ऐसे लोगों को देखकर राहगीरों व अन्य लोगों को गर्मागर्म चाय पिलाने का बीड़ा उठाया। अब हर साल मोहित चाय सेवा करते हैं।

इस बार जब सर्दी का प्रकोप बढ़ा तो डॉ. मोहित शर्मा ने नि:शुल्क चाय सेवा शुरू कर दी। नगर के किसी भी चौराहे पर वह रोज सुबह को चाय का स्टॉल लगाते हैं, जहां कुल्हड़ वाली गर्म चाय पीकर आम लोग सर्दी में राहत पाते हैं। मोहित शर्मा की नि:शुल्क चाय सेवा निरंतर जारी है। उनका कहना है कि जब तक सर्दी का प्रकोप रहेगा, तब तक यह सेवा जारी रहेगी।

## पर्यावरण और सफाई का रखते हैं ध्यान

नि:शुल्क चाय सेवा के दौरान डॉ. मोहित शर्मा पर्यावरण और सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं। चाय मिट्टी के कुल्हड़ में परोसी जाती है। प्लास्टिक के किसी भी उत्पाद का उपयोग नहीं किया जाता। डॉ. मोहित शर्मा का कहना है कि सर्दी में गर्म चाय का घूंट पीने से लोगों के चेहरे पर जो राहत नजर आती है, उसे देखकर उन्हें सुकून मिलता है।

## लोग कर रहे सराहना

**डॉ. मोहित शर्मा के इस काम की लोग प्रशंसा करते हैं। जनमानस का आशीर्वाद उन्हें लगातार मिल रहा है। इस नेक काम में डॉ. मोहित को पंकज शर्मा, निशांत शर्मा, पुनीत अग्रवाल, प्रदीप कौशिक, राजीव कश्यप, सिद्धार्थ लंकेश, मयंक शर्मा, ऋषि कुमार, पुनीत भारद्वाज, विजयपाल सिंह आदि का सहयोग मिल रहा है।**

# ग्रामीणों ने की हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी एडवोकेट ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रामकुमार परमार के साथ ग्राम फजलपुर हबीब उर्फ बड़ी ज्वाली पहुंचकर घरों के ऊपर से जा रही 11 हजार व एलटी लाइन का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ने जल्द ही लाइन हटाने का आश्वासन दिया। सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी एडवोकेट ने कहा कि लोगों के घरों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है जो कभी भी लोगों के लिए खतरा साबित हो सकती है। इस मौके पर मौहम्मद यूनुस, मौहम्मद जाकिर, जाहिद हुसैन, उस्मान मंसूरी, अरशद मंसूरी, शाकिर मंसूरी, शेख मौहम्मद इमरान, मौहम्मद गालिब अंसारी, खलील मंसूरी, अहसान अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# विलुप्ति के कगार पर हैं शीशम, सागौन, पीपल, बरगद और नीम

–नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र में व्यवसायिक लाभ की दृष्टि से यूकेलिप्टस और पॉपुलर जैसे त्वरित वृद्धि वाले वृक्षों का रोपण तेजी से बढ़ा है। इसके चलते हमारी पारंपरिक, पर्यावरण–संरक्षक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजातियां जैसे शीशम, सागौन, पीपल, बरगद और नीम के पेड़ धीरे–धीरे हाशिये पर चले गए हैं। साथ ही कई स्थानों पर तो विलुप्ति के कगार पर पहुंचते दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति समाज और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार यूकेलिप्टस और पॉपुलर जैसे वृक्ष कम समय में अधिक आर्थिक लाभ अवश्य देते हैं। लेकिन इनका अत्यधिक रोपण भूमि की उर्वरता, जल स्तर और आसपास की जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यूकेलिप्टस को अधिक मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। जिससे भूजल स्तर गिरने की आशंका बनी रहती है। वहीं इसके पत्तों से निकलने वाले रसायन आसपास की मिट्टी में अन्य पौधों की वृद्धि को भी प्रभावित करते हैं। इसके विपरीत शीशम, सागौन, पीपल और बरगद जैसे वृक्ष न केवल दीर्घकालीन आर्थिक और पारिस्थितिक लाभ देते हैं। बल्कि ये पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका




निभाते हैं। पीपल और बरगद जैसे वृक्ष अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। तापमान नियंत्रित करते हैं और पक्षियों व जीव–जंतुओं के लिए सुरक्षित आश्रय बनते हैं। वहीं शीशम और सागौन टिकाऊ लकड़ी के साथ–साथ दीर्घकाल में किसानों और समाज के लिए स्थायी आय का स्रोत भी बन सकते हैं। समाज कल्याण की दृष्टि से सामूहिक वृक्षारोपण अभियानों में शीशम, पीपल, नीम, बरगद और आम जैसे उपयोगी व पर्यावरण संरक्षक वृक्षों को शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही किसानों को यह जागरूक किया जाए कि अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक और संतुलित खेती एवं वृक्षारोपण ही प्रकृति और समाज दोनों के लिए हितकारी है। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हमारी प्राकृतिक विरासत केवल पुस्तकों और स्मृतियों तक सिमट कर रह जाएगी।

### क्या कहना है इनका

वृक्षारोपण वन विभाग का कार्य है, हमारा नहीं। हमारा कार्य केवल कृषि देखना है।

**–जसवीर सिंह**
**( जिला कृषि अधिकारी )**

वन विभाग अपना कार्य कर रहा है। साथ ही किसानों को ऐसे वृक्ष रोपित करने के लिए प्रेरित भी कर रहा है जो पर्यावरण के लिए जरूरी है।

**–अंशुमन मित्तल**
**( एसडीओ वन विभाग )**

## मंडोरी में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू
## स्वच्छता को लेकर निकाली जागरूकता रैली



**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम मंडोरी में आरएसपी इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय परिसर में विधिवत रूप से शुरू हुआ। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों को स्वच्छता, सफाई और बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि आरएसपी इंटर कॉलेज के जीव विज्ञान प्रवक्ता केपी पुष्पक ने स्वयंसेवकों और सेविकाओं को स्वच्छता के महत्व, गंदगी से फैलने वाली बीमारियों तथा उनसे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वच्छ वातावरण से ही रखी जा सकती है। इस अवसर पर खेल अध्यापक विजेंद्र सिंह, भूगोल अध्यापक वीरेंद्र कुमार, प्रेमा साहिल और राजीव चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया। एनएसएस अधिकारी रामसेवक ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे शिविर के दौरान ग्राम में घर–घर जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और साफ–सफाई अपनाने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन स्वयंसेवकों ने ग्राम में स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली। प्रधानाचार्य मधुबाला शर्मा ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।

## सत्संग की आड़ में धर्म परिवर्तन का आरोप, तीन गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** ईसाई मिशनरी सत्संग एवं प्रार्थना कर रहे लोगों पर धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय बजरंग दल ने हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आयी और एक युवक व दो महिलाओं को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे नगर के मोहल्ला बसंतगढ़ निवासी महेंद्र सैनी के घर ईसाई मिशनरी को मानने वाले लोगों द्वारा सत्संग का आयोजन किया जा रहा था। आरोप है कि सत्संग की आड़ में भोली–भाली महिलाओं और पुरुषों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस सत्संग को लेकर पहले भी आपत्ति जताई गई थी और कई बार महेंद्र की पत्नी पूनम को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आयोजन बंद नहीं हुआ। इसकी सूचना मिलने पर राष्ट्रीय बजरंग दल पदाधिकारी सौरभ सैनी, विशाल तोमर, सुरेश कुमार, मनोज कुमार, अभिषेक सैनी, पंकज सैनी, राहुल जोशी, ओमपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सत्संग का विरोध करते हुए हंगामा किया। स्थिति बिगड़ने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सत्संग को तत्काल बंद करा दिया। पुलिस ने मकान मालिक पूनम पत्नी महेंद्र निवासी मोहल्ला बसंतगढ़, लक्ष्मी पत्नी विसंभर निवासी ग्राम गेंडाजूड़ और नितिन पुत्र गजराज निवासी ग्राम गेंडाजूड़ को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। बाद में तीनों का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया।

## शिव मंदिर बरकातपुर में 22 को होगा भंडारा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शिव मंदिर बरकातपुर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जी, योगीराज श्रीकृष्ण जी तथा बजरंग बली हनुमान जी की मूर्तियों की स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ पर 22 जनवरी को भंडारे का आयोजन होगा। ग्रामवासी भंडारे की तैयारियों में जुटे हुए हैं। नरेन्द्र भगत जी, भीष्म भगत जी, प्रधानपति सुधीर राजपूत, ललित राजपूत, गौरव राजपूत ने क्षेत्रवासियों से भंडारे में शामिल होकर धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

## डोर टू डोर जाकर वोटर फार्म भरवाये

**नगीना ( चिंगारी )।** भाजपा के प्रांतीय पार्षद रोहित रवि ने नगीना विधानसभा के बूथ संख्या 317, 318 व 324 पर मतदाता अभियान चलाया। शुक्रवार की दोपहर मोहल्ला लालसराय एवं खुर्रम अली सराय स्थित तीन बूथों पर भरवाए गए नये वोट फॉर्म कार्यक्रम में तीनों बूथों पर डोर टू डोर नये मतदाताओं से मिलकर फॉर्म भरवाए। भाजपा नेता रोहित रवि ने बताया कि एक जनवरी 2026 को जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं एवं जो महिलाएं शादी करके आई हैं व जिनका वोट एसआईआर अभियान के तहत गलती से छूट गया है, उन लोगों के नये वोट बनवाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, सौरभ मित्तल, महेंद्र कुमार, अमन कुमार, मनोज कुमार, संतोष देवी, ब्रह्मपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सीताराम सिंह, सभासद गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



## हरचंदपुर के बच्चों ने शानदार कार्यक्रम पेश कर दिल जीता



अतिथियों के साथ मौजूद गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल हरचंदपुर के बच्चे।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय जनपद बिजनौर द्वारा जे.वी.एस. रिसोर्ट्स में आयोजित सेना दिवस समारोह में गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। समस्त अतिथियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिजनौर लोस क्षेत्र के सांसद चंदन सिंह चौहान और सेवानिवृत्त मेजर जनरल अजित सिंह गहलोत ( सेना मैडल) संयुक्त रूप से थे तथा विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी जसजीत कौर थीं। कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण विभाग और एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन बिजनौर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों का नेतृत्व स्कूल के एम.डी. डालचन्द पाल, शिक्षिका अंतरेश भुइयार और आर्या गोयल ने किया।

## डिटॉक्स फूड
### किचन की इन चीजों से संवारें सेहत


नींबू-शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाए।


अदरक-पाचन दुरुस्त करे।


लहसुन-खून बढ़ाए और गंदगी निकाले।


चुकंदर-लिवर की साफ-सफाई करे। कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल करे।


ग्रीन टी-लिवर को फैटी होने से बचाए।


पत्तागोभी-वजन घटाए और लिवर को एक्टिव बनाए।


ताजे फल-आंखें, स्किन और बालों को चमकदार बनाए।







# बेहिसाब खाया-पिया तो रोएगा शरीर

इस समय न किसी को बाजार में मैदे और तेल-घी में बने पकवानों पर रोकटोक की फिक्र होगी और न ही चीनी और खोया से बनी मिठाइयों की परवाह और तो और हर खानपान में नमक, मसाले का इस्तेमाल इतना ज्यादा होगा कि आप एक बार जरूर सोचेंगे कि अब बस बहुत हो गया। अब तो शरीर में जमा गंदगी निकालकर ही दम लेंगे। अगर, आप ऐसा कभी सोचें तो हम आपके लिए मददगार बन सकते हैं। एक्सपर्ट, रिसर्चर की राय से शरीर की सफाई करने में आपको बहुत सहूलियत होगी और यह लेख शायद आपकी खोई हुई सेहत लौटाने में रामबाण बन सकता है। सबसे पहले जानते हैं कि डिटॉक्स है क्या, जिसका चलन आजकल सुनने में काफी हो रहा है। डिटॉक्स शब्द टॉक्सिन से आया है, जिसका मतलब है कि पॉल्यूटेंट्स, सिंथेटिक केमिकल्स, हेवी मेटल्स और प्रॉसेस्ड फूड जो शरीर की सेहत को बर्बाद कर देते हैं। शरीर को डिटॉक्स करने मतलब है कि किडनी, लिवर, पाचन तंत्र, फेफड़ों और स्किन में जमा गंदगी को निकाल बाहर करना, क्योंकि ये ऐसे अंग हैं, जो शरीर से गंदगी निकालकर उसे ऊर्जावान बनाए रखते हैं। ज्यादातर लोग डिटॉक्स करने के लिए कई चीजों का सहारा लेते हैं।




उपवास करने से थकान, चिड़चिड़ापन और सांस लेने में मुश्किल हो सकती है।

खानपान पर सख्ती से शरीर में विटामिंस, मिनरल्स और प्रोटींस की कमी हो सकती है।

ज्यादा उपवास रखने से बॉडी में पानी की कमी हो सकती है।

मेटाबॉलिज्म डाउन हो सकता है। वजन कम करना नुकसानदेह हो सकता है।

बाजार में फलों का जूस पीना खतरनाक हो सकता है।

# जरूरत से ज्यादा चीनी यानी समय से पहले बुढ़ापा

**1 मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द:-** आर्थराइटिस फाउंडेशन के मुताबिक, डायबिटीज के लगभग आधे मरीजों को आर्थराइटिस यानी जोड़ों में दर्द की भी समस्या होती है। डॉ. नवनीत बताते हैं कि ज्यादा शुगर मांसपेशियों और हाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा सकती है।

**2 समय से पहले बुढ़ापे के लक्षण:-** हमारा शरीर सिर्फ चीनी यानी सुक्रोज पर चलने के लिए नहीं बना है। हमें ऊर्जा के लिए ग्लूकोज की जरूरत होती है। अक्सर हम इन दोनों को एक समझ लेते हैं। लेकिन इनमें अंतर है सुक्रोज यानी चीनी ग्लूकोज और फ्रक्टोज दो तरह की शुगर से मिलकर बनता है। ग्लूकोज पचाने में तो हमारे शरीर को कोई परेशानी नहीं होती। लेकिन सुक्रोज पचाने के लिए लिवर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। यहां तक कि ज्यादा सुक्रोज ली जाए तो ये फैटी लिवर का भी कारण बन सकता है। ज्यादा चीनी खाने से हमारे शरीर में 'एडवांस ग्लाइकोजन एंड प्रोडक्ट्स' नाम के केमिकल बनता है। ये केमिकल समय से पहले बुढ़ापे के लक्षण दिखा सकता है।

**3 डल टेस्ट बड्स:** जब हम चीनी खाते हैं तो हमारे दिमाग से डोपामाइन नाम का एक हॉर्मोन निकलता है। जो हमें खुशी का एहसास देता है। सिगरेट के कश लेने पर भी यही हॉर्मोन रिलीज होता है। यही कारण है कि स्मोकिंग से लोगों को आनंद का अनुभव होता है। और बार-बार इसी आनंद को पाने की लत लग जाती है। ठीक इसी तरह चीनी से स्वाद के साथ आपको आनंद तो मिलता है लेकिन ये आनंद ज्यादा देर नहीं रहता। कुछ समय बाद फिर मीठा खाने की इच्छा होती है। इसलिए बार-बार मीठे की क्रेविंग भी एक संकेत हो सकती है कि आप जरूरत से ज्यादा मीठा खा रहे हैं।




**4 दांतों में कैविटी:-** करीब 100 साल पहले कैनेडियन डेंटिस्ट वेस्टन प्राइस ने एक किताब लिखी जिसका नाम था 'न्यूट्रिशन एंड फिजिकल डीके'। किताब में वे कुछ ऐसी सभ्यताओं के बारे में बताते हैं जिनमें बिना किसी टूथब्रश और मॉडर्न डेंटल केयर के दांत एकदम दुरुस्त थे।

**5 पेट में ब्लोटिंग:-** मीठा हमें तो पसंद होता ही है ये हमारे पेट के अंदर के गट बैक्टीरिया को भी बहुत भाता है। हमारे पेट में दो तरह के बैक्टीरिया रहते हैं। एक तो अच्छे बैक्टीरिया और दूसरे बुरे बैक्टीरिया। अच्छे बैक्टीरिया पाचन सही रखने में मदद करते हैं। वहीं, बुरे बैक्टीरिया गैस और ब्लोटिंग की जड़ हो सकते हैं।

**6 दिन भर असमान एनर्जी रहना:-** चीनी जितनी जल्दी एनर्जी देती है उतनी ही जल्दी ये एनर्जी खत्म भी हो जाती है। वहीं, फलों और अनाज से मिलने वाली एनर्जी धीरे-धीरे मिलती है और लंबे समय तक रहती है। अगर आप एक पल एनर्जी से भरे रहते हैं और कुछ देर बाद ये एनर्जी गायब हो जाती है। तो ये जरूरत से ज्यादा चीनी खाने का संकेत हो सकता है।

## शरीर को डिटॉक्स करना क्यों जरूरी है?

❍ शरीर को डिटॉक्स करने से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और आंतें फिर से हेल्दी हो जाती हैं। शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आपको कुछ खाद्य और पेय पदार्थों का सेवन करना बहुत जरूरी होता है।

❍ डिटॉक्स, शरीर और दिमाग को स्वस्थ और तरोताजा रखने की प्रक्रिया है।

❍ इससे मानसिक तनाव और दूसरे विकार दूर भागते हैं और नई ऊर्जा का संचार होता है। इन कारणों से सप्ताह में एक बार जरूर बॉडी को डिटॉक्स करना चाहिए।

❍ डिटॉक्सिफिकेशन आपको बीमारी से बचाने में मदद करने के साथ शरीर के तमाम अंगों को स्वस्थ और फिट बनाए रखने में मददगार है। आप घर पर ही आसानी से बॉडी में जमा गंदगी निकाल सकते हैं। बस, इतना जरूर ध्यान रखें कि कोई भी उपाय करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## त्रिदोष के असंतुलन से बिगड़ती है सेहत

**नेति और नस्य तरीका**-इससे सांस लेने और छोड़ने की प्रक्रिया मजबूत होती है। साइनस खुल जाता है और म्यूकस भी दूर होता है। इसके लिए चायदानी से एक नथुने में पानी डाला जाता है और दूसरे से निकाला जाता है। वहीं, नस्य में नासिका मार्ग में आयुर्वेदिक तेल डालते हैं, जो तिल, जैतून या सूरजमुखी के तेल में सौंफ, शंखपुष्पी, ब्राह्मी, नीलगिरी जैसी जड़ी-बूटियों को मिलाकर बनाया जाता है।

**धौति क्रिया**-सुबह-सुबह खाली पेट गले, दांत और पेट को साफ करने के लिए किया जाता है। यह एक तरह से पेट को धोना है, जो एसिडिटी को कम करने, फूड एलर्जी और अस्थमा जैसी बीमारियों को भगाता है।

**ऑयल पुलिंग**-इस विधि में करीब 15 मिनट तक खाली पेट एक बड़ा चम्मच तेल का कुल्ला करना शामिल है। इससे दांत स्वस्थ रहते हैं। साथ ही नींद की समस्याओं, मुंहासे, छाले और साइनस के विकारों को कम करने में भी मदद मिलती है।

**कपालभाति**-नाक से सांस लेने और छोड़ने से शरीर को ऑक्सीजन बढ़ाने, कब्ज, साइनस, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियों, हर्निया को ठीक करने और पूरे शरीर को सही संतुलन में लाने में मदद करता है।

# इब्राहीमपुर बावन के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर प्रदर्शन किया


सड़क की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर बावन उर्फ नंगला के ग्रामीणों ने गांव के मुख्य मार्ग की सड़क न बनने पर रोष जताते हुए प्रदर्शन कर मेन रोड का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की। शनिवार को ग्रामीण गांव की मुख्य रोड पर एकत्र हुये। उनका कहना था कि गांव की मेन रोड काफी समय से खस्ता हालत में है। मगर इस मार्ग का आज तक निर्माण नहीं कराया गया है। जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सपा के पूर्व जिला सचिव डॉ. महमूद अहमद उर्फ भोलू को मौके पर बुलाकर उनकी सड़क निर्माण न होने की शिकायत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंचाने की गुहार लगाई। सपा नेता ने ग्रामीणों की शिकायत को अखिलेश यादव तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन व मांग करने वालों में खलील अहमद, रामरक्षपाल सिंह, आदिल रशीद, शमसुद्दीन, मौ. सरफराज, मौ. नईम, पूर्व प्रधान रामगोपाल, अमानत हुसैन, इरशाद अहमद, यशपाल, महेश, सादिक, यासीन, अय्यूब, बाबूराम, तेजपाल सिंह, राजेश, रतिराम, सुशील, चंद्रे, मूलचंद चौधरी, खलील अहमद, मौ. सलीम, मौ. अकबर नेता, दिनेश, टिह्लू प्रदीप कुमार, साजिद, मेहरबान, ऋषिपाल, मूलचंद, जयवीर आदि शामिल रहे।



## राजनीतिक दल जनता को वोट के प्रति जागरूक करें: एसडीएम

नजीबाबाद (चिंगारी)। एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार द्वारा एसआईआर के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने बताया कि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन कराने तथा पहचान पत्र में सुधार के लिए मतदाता प्रारूप 6, 7 व 8 भरकर अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं को नोटिस जारी किये गये हैं, वे निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए 11 विकल्पों में से किसी भी दो वैध पहचान पत्र प्रस्तुत कर अपना वोट पुनः जुड़वा सकते हैं। एसडीएम ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की वह आम जनता को जागरूक करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस मौके पर साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल आदि मौजूद रहे।

# टैक्सी चालकों व मालिकों ने की अवैध वसूली बंद कराने की मांग


एसडीएम को शिकायती पत्र देने पहुंचे टैक्सी चालक व मालिक।

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नजीबाबाद के प्राईवेट टैक्सी चालकों व मालिकों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन देकर कुछ लोगों पर उनसे अवैध रूप से धन की वसूली करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। टैक्सी चालको का कहना है कि वह हरिद्वार तक अपनी टैक्सियां चलाते है। नजीबाबाद में कुछ लोग टैक्सी चलाने की आड़ में उन्हें बार-बार धमकी देने के साथ अवैध वसूली कर रहे है, जिससे टैक्सी चालकों का उत्पीड़न हो रहा है। इस संबंध में जिलेभर के टैक्सी चालकों ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर उनसे अवैध वसूली, दबंगई व मारपीट करने वालों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की। शिकायती पत्र देने वालों में आरिफ, वसीम, तुषार कुमार, देवेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# दिलेराम कॉलेज का 7 दिवसीय रासेयो शिविर शुरू



## पहले दिन स्वच्छता रैली निकाली, दूसरे दिन योग दिवस मनाया

बिजनौर (चिंगारी)। दिलेराम मेमोरियल इंटर कॉलेज मोहल्ला जाटान बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष 7 दिवसीय शिविर शुक्रवार को शुरू हुआ। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती ललिता रानी, व्यवस्था एड. भूदेव सिंह चंदेल, पर्यवेक्षक सुभाष चंद उप प्रधानाचार्य जीआईसी बिजनौर, ग्राम प्रधान श्रीमती राजकुमारी, प्रधानाचार्य लाखन सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी शिवसृजन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम अधिकारी ने रासेयो के स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने ग्राम कादरपुर जसवंत उर्फ गोकलपुर में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। बाद में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें प्रबंधक ललिता रानी, व्यवस्थापक भूदेव सिंह चंदेल एवं पर्यवेक्षक श्री सुभाष चंद ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर का द्वितीय दिवस योग दिवस के रूप में आयोजित किया गया। ग्रामवासियों को योग का महत्व बताया गया। एडवोकेट भूदेव सिंह चंदेल ने बताया कि योग से शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। योग की शुरूआत 5 हजार साल पहले भारत में हुई। योग के महत्व को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य लाखन सिंह ने तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी शिवसृजन सिंह ने किया।

# बिजनौर-नगीना रोड पर लापरवाही बन रही हादसों का सबब


राष्ट्रीय राजमार्ग पर बना सार्वजनिक शौचालय एवं डिवाइडर

बरूकी (चिंगारी )। एक ओर जहां प्रशासन समय-समय पर यातायात माह, सड़क सुरक्षा सप्ताह जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर निर्माणाधीन बिजनौर-नगीना राष्ट्रीय राजमार्ग पर लापरवाही लगातार हादसों को न्योता दे रही है। बिजनौर से कोतवाली तक पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मार्ग पर कई स्थानों पर छोटी पुलिया और पुल बनाए गए हैं। ग्राम बरूकी में हाल ही में ओवरब्रिज का निर्माण हुआ है, जिस पर अब यातायात शुरू हो चुका है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि कार्यदाई संस्था द्वारा सड़क पर अब तक न तो पीली पट्टी लगाई गई है और न ही कोई चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं। बरूकी पुल से करीब 200 मीटर आगे एक बैंक्विट हॉल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इसके समीप एक छोटा डिवाइडर भी बनाया गया है, लेकिन उस पर भी कोई रिफ्लेक्टर, संकेतक या पीली पट्टी नहीं लगाई गई है। इसी कारण अक्सर बाइक सवार और चार पहिया वाहन चालक डिवाइडर से टकरा जाते हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तुरंत सड़क पर संकेतक, रिफ्लेक्टर, पीली पट्टियां और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, ताकि जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## सूचना

पहले मेरे नाम की स्पेलिंग MOHAMMAD PERVEZ थी। अब मैंने अपना नाम व नाम की स्पेलिंग बदलकर MOHAMMAD PERVEZ KHAN रख ली है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम व नये नाम की स्पेलिंग MOHAMMAD PERVEZ KHAN से जाना व पहचाना जाये।

**-मौहम्मद परवेज खान पुत्र शमीम अहमद**
**निवासी मौहल्ला रम्पुरा निकट**
**रफूग्रान मस्जिद नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

# भाकियू लोकशक्ति ने मांगों को लेकर धरना दिया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने गन्ना सेंटरों पर हो रही घटतोली पर अंकुश लगाये जाने, चांदपुर-बास्टा मार्ग का निर्माण शीध्र कराये जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर तहसील पर धरना दिया। धरना स्थल पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह काकरान की अध्यक्षता एवं सतबीर सिंह के संचालन में सभा हुई, जिसमें किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर रोष जताया गया। बाद में समस्याओं के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में गन्ना सेंटरो पर होने वाली घटतोली पर अंकुश लगाने, ओवरलोडेड वाहनों पर अंकुश लगाया जाए, किसानो की फरदों में चल रहे अंशो की गड़बड़ी को तुरंत सही कराये जाने, बीएसएफ की तर्ज पर एएसएफ का गठन किये जाने की मांग की गई।

धरने पर बैठने वालों में सुभाष चौधरी, ग्राम अध्यक्ष दयाराम सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सविता वर्मा, तहसील अध्यक्ष महेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह तोमर, मनोज कुमार, शूरवीर सिंह, ब्लाक प्रभारी नीरज कुमार, विजेंद्र प्रधान, ओंकार सिंह, केहर सिंह, दयाराम सिंह, नत्थू यादव, भूदेव यादव, प्रकाश प्रजापति, भार्गेद्र सिंह काकरान, राजीव कश्यप, सोनू कश्यप, अफ़जाल अहमद, सलीम अहमद, डा. शमशाद अहमद, बल्लू सैनी, जसराम सिंह, कुमर पाल सैनी, मनीष कुमार, रिंकल, ओंकार सिंह, सचिन कुमार, अरुण कुमार, अरुण कुमार भूपेंद्र कुमार भूपेंद्र कुमार दिनेश कुमार दिनेश, अतुल सैनी, शुभम सैनी, दीपेंद्र, अजय कुमार, जसराम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एएसपी ने किया शेरकोट थाने का निरीक्षण



**शेरकोट ( चिंगारी )।** एएसपी पूर्वी ए.के. श्रीवास्तव ने शेरकोट थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर अपराधों पर अंकुश लगाने और थाने आने वाली शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कराने के लिए थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।पिछले कई दिनों से चल रही तैयारियों के बीच शुक्रवार को दोपहर एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव थाने पहुंचे और उन्होंने आफिस, मालखाने, हवालात, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क व साइबर क्राइम कक्ष, कम्प्यूटर रूम, आवास, भोजनालय सहित पूरे थाना परिसर में घूमकर साफ सफाई और व्यवस्थाओं की गहनता पूर्वक जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों को चेक किया और लम्बित विवेचनाओं और प्रार्थना पत्रो की जानकारी लेकर समय से निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से जनसुनवाई पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों से ग्रामीण क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को रात्रि गश्त करने के लिए टार्च एवं सीटी का वितरण किया और ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली हर छोटी बड़ी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार,सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र राठी, गौरव कुमार, हिरेंद्र सिंह,महेश कुमार आदि सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण सकुशल संपन्न होने पर थाने के स्टाफ ने राहत की सांस ली।

# सोनू कश्यप के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन कार्यकर्ताओं ने सरधना मेरठ के सोनू कश्यप के हत्यारो को गिरफ्तार करने तथा उसके परिजनों को 50लाख रूपए का मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि मांग शीघ्र पूरी नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में मुस्तकीम राजपूत, बाबूराम,नैपाल सिंह,लोकेश कुमार कश्यप, हरगुलाल कश्यप,रमेश कुमार, इमरान खान, कमल कश्यप,अमर सिंह सैनी, योगेन्द्र सिंह कश्यप, सूरज कश्यप, अशोक कुमार,खिलत मेंहदी,उदय सिंह कश्यप आदि शामिल थे।

# दिवंगत फौजी एवं मां-बेटे को सांसद ने दी श्रद्धांजलि

**नहटौर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सासंद चंद्रशेखर आजाद ने रुखड़ियो में दिवंगत मां-बेटे एवं मजहरपुर में दिवंगत फ़ौजी के परिजनों को सांत्वना दी। पीड़ित परिजनों को हर सम्भव सहायता देने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद गांव रूखडियो में ओमप्रकाश के घर पहुंचे। सांसद ने ओमप्रकाश की पत्नी बीना देवी व बेटे की सड़क दुर्घटना में हुई मौत को हृदय विदारक घटना बताये हुए शोक जताया। इस दौरान पीड़ित परिजनों के अलावा ग्रामीण भी उपस्थित रहे। यहां से पूर्व सांसद चंद्रशेखर आजाद ग्राम मजरपुर में पहुंचे बीएसएफ जवान जोगिंदर की बिमारी के चलते मौत होने पर पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने दिवंगत परिवारों के परिजनों से मामले की जानकारी लेकर सांत्वना दी।



# खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के हल्दौर रोड स्थित गुड़ मंडी में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में व्यापारियों की ओर से खिचड़ी का प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर व्यापारी शैलेंद्र सिंह, विमल अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, अजय मित्तल, विशाल गोयल, कपिल गोयल, लकी गोयल, राहुल अग्रवाल, सुशील गुप्ता, आशु गोयल, वासु गोयल, विवेक चौधरी, गौरव चौधरी, वीरेंद्र राजपूत, पवन अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संदीप कौशिक, योगेश शर्मा, पंकज अग्रवाल,पंकज सिंह, उदित गुप्ता, अरविंद जोशी, प्रदीप ठाकुर, उदराज सिंह, टीटू सिंह, अमरकांत शर्मा, अखिलेश कुमार, निखिल अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिंह, मोहम्मद महबूब आदि का सहयोग रहा।

# SIR के तहत दावे और आपत्ति 6 फरवरी तक

**नगीना ( चिंगारी )।** एस डी एम विजय शंकर ने पत्रकारों से बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह फरवरी है। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आयोग द्वारा चार विशेष अभियान की तिथियां 17 जनवरी शनिवार, 18 जनवरी रविवार, 31 जनवरी शनिवार व एक फरवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र नगीना व बढ़ापुर में स्थित समस्त मतदेय स्थलों पर नियुक्त बीएलओ/पदाभिहित अधिकारी/ पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया है कि सभी नियत तिथियों पर सुबह 10 बजे से 4 बजे तक मतदाता सूची, एएसडी सूची के साथ अपने अपने मतदेय स्थल पर उपस्थित रहकर अधिक से अधिक दावे व आपत्ति प्राप्त करेंगे। सूची पढ़ने के बाद मतदाता सूची में पाई जाने वाली त्रुटि का नियम अनुसार निस्तारण करेंगे।

# सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली

**हल्दौर ( चिंगारी )। राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर की राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस ) इकाई द्वारा ग्राम कुकड़ा इस्लामपुर में नशा मुक्ति एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के उद्देश्य से एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली, भाषण, पोस्टर प्रदर्शन, समूह चर्चा तथा घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ, सशक्त एवं संस्कारित समाज की दिशा में प्रेरित करना रहा।**




कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति एवं सामाजिक सुधार के संदेश के साथ जागरूकता रैली से हुई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने हाथों में तख्तियां और पोस्टर लेकर नशा, दहेज, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या एवं अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध नारे लगाए। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी बर्बादी की ओर ले जाता है।कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल शिविर लगाना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर प्रदर्शन एवं समूह चर्चा का आयोजन किया गया। इसके उपरांत एनएसएस स्वयंसेवकों की टोली ने गांव की गलियों में जाकर घर-घर संपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक जयपाल सिंह, उमेश चन्द्र गहलौत, प्रवेन्द्र सिंह, पवित्र कुमार, अवनीश कुमार, रजनीश कुमार, बंदना, सहित अनेक शिक्षक, स्वयंसेवक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नशा मुक्त, कुरीति मुक्त एवं जागरूक समाज निर्माण की शपथ के साथ किया गया।

# तीन लाख के जेवर और रूपये 50 हजार मकान के ताले तोड़ चोरों ने कर दिये पार



**धामपुर (चिंगारी)।** मोहल्ला नई सराय स्थित सबरी मस्जिद के निकट रहने वाले एक व्यक्ति के बन्द पड़े मकान के तीन कमरों के अलमारी के ताले व लोकर तोड़कर चोर लगभग 50000 नगद सहित, तीस लाख मूल्य के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये। घटना की तहरीर मकान स्वामी द्वारा कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार मोहल्ला नई सराय सबरी मस्जिद के पास निकट रहने वाले कमाल अहमद पुत्र गुलजार अहमद परिवार सहित विगत 14 जनवरी को घर में ताला लगाकर साहनपुर निवासी रिश्तेदार की शादी में गए हुए थे। चोर मकान के मुख्य गेट का लगा ताला तोड़कर अंदर पहुंचे और तीनों कमरों में रखी सेफ अलमारी का ताला व, लॉकर तोड़कर उसमें रखी 50000 की नकदी सहित लगभग 30 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। जब कमाल 15 जनवरी की सायं घर वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। घटना की रिपोर्ट मकान स्वामी कमाल अहमद द्वारा पुलिस में लिखवा दी है। कोतवाली पुलिस चोरी का खुलासा करने हेतु आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल ने शुरू कर दिए हैं। जब इस चोरी के प्रकरण के बारे में कोतवाल मृदुल कुमार से जानकारी की गई तो उनका कहना है कि शीघ्र ही पुलिस चोरी का खुलासा कर देगी। बताया जाता है कि मकान मालिक के तीनों भाई बाहर विदेश में काम करते हैं।

# नहटौर में घर-घर से कूड़ा उठाने का कार्य शुरू

**हर माह 30 रूपये शुल्क लिया जाएगा**

**नहटौर (चिंगारी)।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत सभी 25 वार्डों में प्राइवेट कंपनी ने घर घर कूड़ा उठाने का कार्य शुरू कर दिया है। टीम के 40 कर्मचारियों ने 8 जनवरी से कार्य शुरू कर दिया। उक्त कूड़ा उठाई का हर माह 30 रुपये शुल्क लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार नगर पालिका प्रशासन ने भारत स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर को स्वच्छ बनाने के लिए पालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास किया था। इस प्रस्ताव के तहत नगर में घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए एक राजस्थान की कंपनी को अनुबंध करके एक प्राइवेट कंपनी को ठेका दे दिया। उक्त कंपनी को 1 जनवरी 2026 से करना था। परंतु किसी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया था। इस मामले में अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया की किसी कारणवश कार्य प्रारंभ ना होने के कारण यह कार्य 8 जनवरी 2026 से राजस्थान कंपनी द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, जिसमें नगर पालिका के 40 कर्मचारियों को कंपनी ने अपने साथ ले लिया है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में 25 वार्डों के 8 हजार आवासों से कूड़ा उठाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। पालिका के लगाये गये सफाई कर्मियों को ट्रेनिंग देकर कार्य कराया जा रहा है। जिसमें कंपनी के पांच कर्मचारी उनके साथ हैं। नाली नालों का कूड़ा पालिका के अन्य कर्मचारी कर रहे हैं। कंपनी द्वारा घरों से कूड़ा उठाने के लिए ई रिक्शा व छोटा हाथी के माध्यम से कूड़ा उठाया जा रहा है। इस अभियान में नागरिकों से सहयोग करने की अपील की।

## सूचना

**कार्यालय : अनिल कुमार जैन, एकल मध्यस्थ, बी.एस. चौहान रोड, बिजनौर**

माध्यस्थम प्रकरण संख्या वर्ष 2024

मैसर्स बिजनौर लीजिंग लिमिटेड प्रति श्रीमती मंजू शर्मा व अन्य

नोटिस बनाम 1- श्रीमती मंजू शर्मा पत्नी श्री संदीप वशिष्ठ निवासी मौहल्ला नई बस्ती, निकट गीता पब्लिक स्कूल, बिजनौर, पूर्व कार्यरत दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल बिजनौर, जनपद बिजनौर।

2- नितीश भारद्वाज पुत्र श्री राजीव भारद्वाज निवासी निकट गीता पब्लिक स्कूल, मौहल्ला नई बस्ती, बिजनौर, जनपद बिजनौर।

विदित हो कि उपरोक्त प्रकरण वास्ते वसूली 1,16,480/- रूपये व इस राशि पर दिनांक 01.07.2022 से वास्तविक भुगतान के दिनांक तक 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अधोहस्तारकर्ता के समक्ष लम्बित है, जिसमें आपको पंजीकृत डाक के माध्यम से सूचनाएं प्रेषित की गई थी, जो गैर तामील शुदा अधोहस्ताक्षरकर्ता को वापिस प्राप्त हुई।

अतः वर्तमान प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 03.02.2026 को प्रातः 10:30 बजे स्वयं/अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चत करें अन्यथा प्रकरण का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में नियमानुसार कर दिया जायेगा।

**(अनिल कुमार जैन)**
**एकल मध्यस्थ**

# जीजा और साले को सात साल की सजा

**बिजनौर (चिंगारी)। युवती के साथ मारपीट और दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट अशोक भारतेंदु ने अभियुक्त हसन हैदर और उसके साले हसीन हैदर को सात साल की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकुल कुमार सिंह के अनुसार थाना शहर कोतवाली में 21 जून 2010 को एक गांव की युवती ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा था कि हसन हैदर ने अपनी घरवालों की मर्जी के खिलाफ शादी की। शादी के बाद हसन हैदर की पत्नी ने लड़की को जन्म दिया। बेटी होने पर गांव में तरह-तरह की अफवाहें फैलने लगीं। हसन हैदर ने युवती के परिवार वालों पर भी अफवाह फैलाने का झूठा इल्जाम लगाया था। 21 जून 2010 की शाम को हसन हैदर और उसका साला हसीन हैदर घर में घुस आये और युवती की छोटी बहन के साथ मारपीट की तथा दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। कोर्ट ने हसन हैदर और हसीन हैदर को दोषी पाते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई।**

# जाहर दीवान मंदिर का हुआ सौन्दर्यकरण

**पर्यटन स्थल के रूप में किया विकसित**

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम नवादा चौहान में जाहर दीवान मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है। उक्त पर्यटन स्थल के सौंदर्यकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, जिसका लोकार्पण वित्त वर्ष में चैत्र नवरात्रों में पर्यटन स्थल मंदिर का लोकार्पण होगा, जो नहटौर विधानसभा क्षेत्र का एक सुन्दर पर्यटन स्थल होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक मंदिर का पर्यटन स्थल व सौन्दर्य करण हेतु धन राशि स्वीकृत की है। इसी क्रम में नहटौर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड आकू के गांव नवादा चौहान में नहटौर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ओमकुमार ने प्राचीन जाहर दिवान शिव मंदिर का चयन करके मुख्यमंत्री को भेजा था। जिसपर मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के मंत्री को मामले से अवगत करा कर पर्यटन स्थल बनाए जाने के निर्देश दिये थे। जिस पर पर्यटन विभाग ने एक करोड़ 16 लाख 75 हज़ार की धनराशि स्वीकृत करके संबंधित एजेंसी को कार्य करने के ठेका दे दिया था। नहटौर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ओमकुमार ने भूमि पूजन करा कर उक्त निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वर्तमान में इस मंदिर परिसर में भगवान शनि, जाहर दीवान, शिव परिवार, भगवान हनुमान 5 मूर्तियाँ अलग-अलग मंदिरों में विराजमान हैं। श्रद्धालुओं के बैठने के लिए एक बड़ा हाल, शौचालय, स्नान घर, हैंड पंप, आदि सुविधा का कार्य कराया गया है। मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ा गेट व चारदिवारी का कार्य चल रहा है। मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग भी लगाई गई है। ग्राम प्रधान निर्मल सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। चार दिवारी का कार्य शेष है, जिसका कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।चैत्र के नवरात्रों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ लोकार्पण कराया जाएगा।

# आरएचएस कालेज हल्दौर ने स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता सप्ताह मनाया



**हल्दौर (चिंगारी)। ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर स्थित समग्र विद्यालय में राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज, हल्दौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के तृतीय दिवस को स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया।**

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया, साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें संतुलित आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य मूलक आदतों और रोग-निवारण संबंधी संदेश दिए गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा ने स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग की सहभागिता से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश चंद्र गहलौत, महावीर सिंह चौहान (एमडी), पवित्र कुमार, गौरी शंकर, अनिल कुमार, अवनीश कुमार, सचिन कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासन एवं उत्साह के साथ किया गया।

# गढ़ी में खेला जा रहा मिशन सिंदूर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट

**तसव्वर कुरैशी ने किया था उद्घाटन**



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** क्रिकेट प्रेमी युवाओं द्वारा गत गुरुवार से कासमपुर गढ़ी में मिशन सिंदूर प्रीमियर लीग मैच का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय एचसीएम इंटर कॉलेज के विशाल मैदान में प्रतिदिन खेले जा रहे लीग मैच के प्रथम दिन इस लीग मैच का उद्घाटन मानियावाला के ग्राम प्रधान पति तसव्वर कुरैशी द्वारा फीता काटकर कराया गया। इस अवसर पर तसव्वर कुरैशी ने कहा कि खेल हमें स्वस्थ बने रहने के साथ-साथ आपसी प्रेम और भाईचारे का भी संदेश देते हैं। गुरुवार को पहला लीग मैच इमरान ठेकेदार क्रिकेट क्लब अफजलगढ़ व हसीब कुरैशी नाइट राइडर क्लब मानियावाला की टीम के बीच खेला गया जिसमें मानियावाला की टीम ने अफजलगढ़ को 77 रनों से पराजित कर मैच जीता। अगले दिन यानी शुक्रवार को दूसरा लीग मैच एसएल नर्सिंग होम व नखलेश क्लब धामपुर के बीच हुआ जिसमें नखलेश क्लब धामपुर की टीम विजयी रही। बोलिंग व बैटिंग में अनेक खिलाड़ियों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। मुख्य आयोजक जीशान लियाकत व सुंदर सिंह चौहान ने खिलाड़ियों, दर्शकों व अतिथियों का आभार जताते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में खेल सम्पन्न कराने में सभी से सहयोग का आह्वान किया।






# आरसीबी ने गुजरात जायंट्स महिला को 32 हराया

**नवी मुम्बई (एजेंसी/चिंगारी)।** राधा यादव (66) और ऋचा घोष (44) की शानदार पारियों के बाद श्रेयंका पाटिल (पांच विकेट) और लॉरेन बेल (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शुक्रवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के नौवें मुकाबले में गुजरात जायंट्स महिला टीम को 32 रनों से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स की टीम रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। गुजरात जायंट्स के लिए भारती फूलमाली ने 20 गेंदों में 39 रनों की पारी खेली।

आरसीबी के गेंदबाज आक्रमण के आगे गुजरात की बल्लेबाज खुल नहीं खेल सकी।

बेथ मूनी (27), काश्वी गौतम (18), कनिका अहूजा (16) जॉर्जिया वेयरहम (13) रन बनाकर आउट हुई। 19वें ओवर में श्रेयंका ने तनुजा कंवर (21) को आउटकर गुजरात को नौवां झटका दिया। इसी ओवर में उन्होंने श्रेयंका ने रेणुका सिंह (दो) को आउटकर गुजरात की टीम को 150 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 32 रनों से अपने नाम कर लिया। आरसीबी के लिए श्रेयंका पाटिल ने 23 रन देकर पांच विकेट झटके। लॉरेन बेल को तीन विकेट मिले। अरुंधति रेड्डी और एन डी क्लार्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




आज यहां गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी की शुरुआत खराब रही और उसने अपने चार विकेट 43 के स्कोर तक गंवा दिये। इसके बाद राधा यादव और ऋचा घोष ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के पांचवें विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी हुई। राधा यादव 47 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए (66) और ऋचा घोष ने 28 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (44) रन बनाये।

## अफगानिस्तान की अंडर-19 टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हराया




**विंडहोक (एजेंसी/चिंगारी)।** फैसल शिनोजादा (82), खालिद अहमदजई (73) और उजैरउल्लाह नियाजी (नाबाद 51) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के छठे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 28 रनों से हरा दिया। 267 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 49 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। अदनान लागादीन (10), जोरिच वान शल्कविक (आठ) और कप्तान मुहम्मद बुलबुलिया (17) रन बनाकर आउट हुये। जेसन रोल्स ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 93 गेंदों में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 98 रनों की पारी खेली। जेसन रोल्स छठे विकेट के रूप में आउट हुये। इसके बाद अफगानिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के आगे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आये। , अरमान मनेक (15), पॉल जेम्स (चार), लेथाबो फाहलामोहलाका (22), कॉर्न बोथा (25), डैनियल बोसमैन (20), जेजे बैसन (शून्य) पर आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 47.4 ओवरों में 238 रन ही बना सकी और 28 रनों से मुकाबला हार गई। अफगानिस्तान के लिए अब्दुल अजीज और खतिर स्तानिकजई ने दो-दो विकेट लिये। नूरिस्तानी उमरजई, हाफिज जादरान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान ने आठवें ओवर में उस्मान सदात (चार) का विकेट गंवाने के बाद खालिद अहमदजई और फैसल शिनोजादा की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे।

## दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराया

**नोएडा (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में 16 दिवसीय प्रो रेसलिंग लीग 2026 खेल के दूसरे दिन शुक्रवार देर रात तक खेले गए दंगल मैच में दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराकर सशक्त शुरुआत की।



नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की 17 वर्षीय पहलवान सारिका ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पेरिस 2024 की रजत पदक विजेता गुज़मान लोपेज़ युसनेयलिस को 7-0 से मात दी। मुकाबले की शुरुआत महाराष्ट्र केसरी ने 57 किग्रा महिला वर्ग में मनीषा भनवाला की 6-0 की जीत के साथ बढ़त बनाकर की। दिल्ली ने हालांकि पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में शुभम कौशिक की शानदार वापसी के दम पर स्कोर बराबर कर दिया। शुभम ने पावर मिनट में निर्णायक चार अंकों का टेकडाउन लगाते हुए 12-10 से जीत दर्ज की। 53 किग्रा महिला वर्ग में युवा सारिका के दबदबे के बाद महाराष्ट्र की दुडोवा बिल्याना झिवकोवा ने अंजलि को 10-2 से हराकर मुकाबला 2-2 की बराबरी पर ला दिया।

## इंग्लैंड की अंडर 19 टीम ने पाकिस्तान को 37 रनों से दी शिकस्त

**हरारे (एजेंसी/चिंगारी)।** कैलेब फाल्कनर (66) की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने शुक्रवार को पाकिस्तान की टीम को अंडर-19 विश्वकप के चौथे मैच में 174 के स्कोर पर ढेरकर 37 रनों से जीत दर्ज की। 211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने 54 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये। समीर मिन्हास (10), मोहम्मद शायान (सात), उस्मान खान (छह) और अहमद हुसैन (12) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान फरहान यूसुफ ने पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे यूसुफ को छोड़कर पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। फरहमान यूसुफ ने 86 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 65 रनों की पारी खेली। हुजैफा अहसन (17), हमजा जहूर (चार), अब्दुल सुभान (14), उमर जैब (10) रन बनाकर आउट हुये।




## क्वार्टरफाइनल में लक्ष्य सेन की हार, भारतीय चुनौती समाप्त

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के लिन चुन-यी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन निर्णायक क्षणों में पिछड़ते हुए तीन गेम के मुकाबले में हार गए। इसके साथ ही शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित योनैक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। यह टूर्नामेंट बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड सुपर 750 इवेंट है। लक्ष्य सेन ने मुकाबले का पहला गेम जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन इसके बाद तेज हवा वाले कोर्ट साइड पर तालमेल बिठाने में दिक्कत झेलनी पड़ी और वे पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में 17-21, 21-13, 21-18 से मुकाबला हार गए। मैच के बाद लक्ष्य सेन ने कहा, यह बेहद करीबी मुकाबला था। तीसरा गेम दबाव भरा था। आज परिस्थितियों के हिसाब से वह बेहतर खेले। आज हवा का




असर ज्यादा था, जिसके लिए मैं तैयार नहीं था। कल इतनी हवा नहीं थी और उन्होंने परिस्थितियों के अनुसार बेहतर ढंग से खुद को ढाल लिया। उन्होंने कहा, नेट के पास मैं शटल उठाने में थोड़ा डगमगा गया और फ्रंट कोर्ट में मुझसे कई गलतियां हुईं। क्वार्टर फाइनल से पहले आमने-सामने के रिकॉर्ड में लक्ष्य सेन लिन के खिलाफ 0-4 से पीछे थे और यह साफ था कि तेज़ रफ्तार बाएं हाथ के खिलाड़ी के खिलाफ उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। पहले गेम में लक्ष्य की रणनीति लिन को नेट के पास खेलने पर मजबूर करने की थी, क्योंकि ताइपे का खिलाड़ी तेज साइड से खेल रहा था। यह रणनीति कारगर साबित हुई और मध्यांतर के बाद लक्ष्य ने तेजी से अंक बटोरते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। हालांकि, कोर्ट बदलने के बाद लक्ष्य की लिफ्ट्स लंबी जाने लगीं, जिसका लिन ने भरपूर फायदा उठाया।

# समस्त थाना प्रभारी कानून व्यवस्था को मजबूत बनायें : एसएसपी

## मासिक अपराध समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने मासिक अपराध समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश समस्त थाना प्रभारियों को दिये। पुलिस लाइन पौड़ी में आयोजित क्राइम मीटिंग में एसएसपी सर्वेश पंवार ने जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए अपराध प्रवृति, गिरफ्तारी की प्रगति, यातायात व्यवस्था, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशा उन्मूलन अभियान,बीट पुलिसिंग, लम्बित जमानत व गैर जमानती वारंटो की तामिली सहित प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार चर्चा की। एसएसपी ने अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए समस्त थाना प्रभारियों निर्देशित करते हुए कहा कि चेकिंग, सघन गश्त एवं सत्यापन अभियानों को और अधिक सशक्त बनाया जाये। बैठक में उन्होंने कहा कि सात दिवसीय अभियान चलाकर बैंक, ज्वैलरी शॉप, प्रमुख दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, अनूप काला, सीओ निहारिका सेमवाल, अनुज कुमार, तुषार बोला समेत सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## दिसम्बर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित


भावना भट्ट


राजाराम डोभाल

बैठक में एसएसपी ने दिसम्बर माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया। उपनिरीक्षक भावना भट्ट, विजय शैलानी, राजाराम डोभाल, दिनेश चमोली, प्रकाश पोखरियाल, रियाज़ अहमद, अपर उप निरीक्षक दीपक मनाली राठी, सोहनलाल, हैड कांस्टेबल जयप्रकाश, प्रेम सिंह हेमन्त कुमार, संदीप, अमित नेगी, विपिन कुमार, हृदय भुषण, राजेश, लोकेश, संजीव कुमार, सुरेश व दिलदार सिंह शामिल हैं।

## संजय गुंज्याल बने अतिरिक्त महानिदेशक



**कोटद्वार ( चिंगारी )। उत्तराखंड कैडर 1997 बैच के IPS संजय गुंज्याल आईटीबीपी में अतिरिक्त महानिदेशक ( ADG ) नियुक्त हुये । श्री गुंज्याल मूल रूप से पिथौरागढ़ की तहसील धारचूला के मूल निवासी हैं और पूर्व में पौड़ी गढ़वाल में पुलिस अधीक्षक के पद रह चुके हैं।**

## युवतियां मिलेट आधारित लड्डू खायें शरीर में आयरन-कैलशियम को बढ़ायें

**एम्स की शोध टीम का परिणाम**

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश द्वारा किये गये एक अध्ययन में पाया गया है कि मिलेट आधारित लड्डू के सेवन से युवतियों के शरीर में आयरन और कैल्शियम के स्तर में पर्याप्त बढ़ोत्तरी होती है। मिलेट-आधारित पूरक आहार का दैनिक तौर पर सेवन, युवा महिलाओं में आयरन और कैल्शियम स्तर सुधारने का एक प्रभावी और किफायती कदम साबित हो सकता है। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने शोध को तथ्यात्मक बताते हुए निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए टीम की सराहना की है। मिलेट्स या मोटे अनाज में ज्वार, बाजरा, रागी फिंगर मिलेट, कोदा, कंगनी फॉक्सटेल, कुटकी, सामा लिटिल मिलेट, और झंगोरा बार्नयार्ड आदि प्रमुख हैं, जो प्रोटीन, फाइबर और खनिजों से भरपूर होते हैं। इस अनाज से बने लड्डू टीन एज की महिलाओं के लिए कितना लाभकारी हैं, इस विषय पर एम्स के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं को प्रतिभागी बनाकर गहन शोध किया गया। पाया गया कि इन लड्डूओं के सेवन से विशेष तौर से युवतियों के शरीर में विभिन्न पोषक तत्वों की बढ़ोत्तरी होती है और उनके शरीर के वजन अथवा संरचना में कोई नकारात्मक प्रभाव भी नहीं पड़ता है। संस्थान के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिन्सिपल प्रो. डॉ. स्मृति अरोड़ा के नेतृत्व में किये गये इस शोध टीम में, शरीर क्रिया विज्ञान विभाग से डॉ. पूर्वी कुलश्रेष्ठ, सीएफएम से डॉ. रंजीता, नर्सिंग फेकल्टी डॉ. जेवियर वेल्सियाल और न्यूट्रीशियन फॉसिया मदाला शामिल थे।

## लिखे स्लोगन और निबंध, बनाये पोस्टर छात्रों ने पुरस्कार पाये, विजेता बनकर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय महाविद्यालय भाबर में गुरूवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. हरिश्चन्द्र ने स्वीप क्लब की प्रासंगिकता पर छात्रों को जानकारी दी।

तत्पश्चात वोट जैसा कुछ भी नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम, विषय पर आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में संतोषी ने पहला, साक्षी गुसांई ने दूसरा और रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुगम मतदाता, सबका सम्मान विषय पर आयोजित निंबध प्रतियोगिता में शालिनी पहले, नेहा दूसरे और संतोषी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं क्लीन इलेक्शन, ग्रीन इलेक्शन विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में स्वाति पहले, अनीषा आर्य दूसरे और प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## कण्वाश्रम महाविद्यालय में महायज्ञ 22 जनवरी से

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कण्वाश्रम स्थित वैदिक आश्रम गुरूकुल महाविद्यालय में 22 से 25 जनवरी 2026 तक गायत्री महामृंत्युजय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विशेष जड़ीबूटी से तैयार हवन सामग्री से सवा लाख गायत्री महामृंत्युजय महायज्ञ किया जाएगा। शुक्रवार को गुरूकुल महाविद्यालय के संस्थापक डा. योगीराज विश्वपाल जयंत ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष महायज्ञ का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष भी विशेष जड़ी बूटियों से तैयार हवन सामग्री व गाय के घी से महामृंत्युजय यज्ञ करने का निर्णय लिया गया है।

## अग्निवीर भर्ती रैली में दूसरे दिन भी चमोली के युवाओं ने दिखाया दम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार के कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन भी चमोली के युवाओं ने अपना दम दिखाया। शुक्रवार को दूसरे दिन भी जनपद चमोली के जोशीमठ, कर्णप्रयाग, नंदप्रयाग, नारायणबगड़, पोखरी व थराली के पंजीकृत 1146 युवाओं ने रैली में प्रतिभाग किया। दूसरे दिन मौसम ने युवाओं का पूरा साथ दिया और क्षेत्र में मौसम खुला रहा। भर्ती रैली के लिए सुबह चार बजे से प्रवेश स्थल काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में युवा जुटने शुरू हो गए थे। आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती मैदान में ले जाया गया। इस दौरान युवाओं ने शारीरिक मापदंड में अपना दमखम दिखाया। सेना की ओर से निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए जाएंगे। सेना के विशेषज्ञ शारीरिक दक्षता और शिक्षा विभाग के कर्मचारी उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा। भर्ती में आज- भर्ती के तीसरे दिन उत्तरकाशी जिले की बड़कोट, भटवाड़ी, चिन्यालीसौड़, धौंतरी, डुंडा, जोशियाणा, पुरोला और राजगढ़ी तहसीलों के पंजीकृत 1179 अभ्यर्थी भर्ती रैली में भाग ले रहे हैं।

## हिंसक जानवरों को मारने की इज़ाजत दे सरकार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक गोपालकृष्ण बड़थ्वाल ने केंद्र व प्रदेश सरकार से पहाड़ी क्षेत्रों में आमजन पर हिंसक हो रहे जंगली जानवरों को मारने की इजाजत देने की मांग की है। शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली जानवर आमजन और उनके पालतू मवेशियों पर लगातार हमले कर रहे हैं। जंगली जानवरों के आतंक के कारण ही ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन लगातार बढ़ रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में लोग खेती नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि ऐसा ही होता रहा तो देश से पहाड़ों के गांवों का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। इसलिए आम जन पर हिंसक हो रहे जंगली जानवरों को मारने की इजाजत देने के संबंध में सरकार को सोचना चाहिए।

## विश्वविद्यालय की टीम ने किया मीठी बेरी महाविद्यालय का निरीक्षण



**लालढांग ( चिंगारी )।** राजकीय मॉडल महाविद्यालय मीठी बेरी (लालढांग) का शुक्रवार को श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु महाविद्यालय की अस्थायी संबद्धता के विस्तार के संबंध में किया गया।

विश्वविद्यालय की निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं भौतिक सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कार्यालय अभिलेखों, परीक्षा परिणाम, छात्र-छात्राओं की सुविधाओं, शिक्षण स्टाफ की उपलब्धता तथा विश्वविद्यालय एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय महाविद्यालय प्रशासन द्वारा निरीक्षण दल को समस्त

### अस्थायी सम्बद्धता के विस्तार सम्बंधी जानकारी जुटाई

आवश्यक अभिलेख, दस्तावेज एवं अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन व्यवस्था एवं शैक्षिक गुणवत्ता बनाए रखने हेतु किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया गया। निरीक्षण टीम में प्रो. मुक्तिनाथ यादव , प्रो. पंकज पांडेय, प्रो. नीलू कुमारी तथा पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता आलोक तोमर शामिल रहे। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अर्चना गौतम, प्रो. सतेन्द्र कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अरविन्द वर्मा, डॉ. कुलदीप चौधरी, डॉ. विनोद कुमार उनियाल, डॉ. देशराज सिंह, डॉ. सुनीता बिष्ट, शशिधर उनियाल, पूनम सिंह, कुलदीप एवं सूरज सिंह आदि उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# युद्ध के मुहाने से लौटा अमेरिका

## ईरान के फैसले पर ट्रंप का 'बड़ा सम्मान', 800 लोगों की फांसी टलने पर कहा 'शुक्रिया'

**वांशिगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान के शासन की सराहना करते हुए एक चौकाने वाला बयान दिया। ट्रंप ने कहा कि तेहरान द्वारा 800 से अधिक लोगों की निर्धारित फांसी को रद्द करना एक सकारात्मक कदम है और इसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। फ्लोरिडा स्थित अपने 'मार-ए-लागो' एस्टेट के लिए रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा- ईरान ने कल होने वाली 800 से अधिक लोगों की फांसी को रोक दिया है। मैं इस तथ्य का बहुत सम्मान करता हूं कि उन्होंने इसे रद्द कर दिया, इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। यह ट्रंप की उन चेतावनियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर कार्रवाई तेज़ हुई तो अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप कर सकता है। ट्रंप की टिप्पणियां उनके पहले के सख्त रुख से अलग थीं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ईरान ने 800 से ज़्यादा लोगों की फांसी रद्द कर दी है। वे कल 800 से ज़्यादा लोगों को फांसी देने वाले थे, और मैं इस बात का बहुत सम्मान करता हूं कि उन्होंने इसे रद्द कर दिया। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर, उन्होंने एक साधारण 'धन्यवाद!' पोस्ट किया, साथ ही यह दावा किया कि 800 से ज़्यादा फांसी- जिन्हें कुछ लोग राजनीतिक कैदियों को निशाना बनाने वाला बता रहे थे, टाल दी गई है।



जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी मदद के उनके शुरुआती संकेत (मदद रास्ते में है) अभी भी लागू होते हैं, तो ट्रंप ने जवाब दिया, ठीक है, हम देखेंगे। उन्होंने इस सुझाव को खारिज कर दिया कि अरब या इजरायली अधिकारियों ने उन्हें प्रभावित किया, और जोर देकर कहा, किसी ने मुझे नहीं मनाया। मैंने खुद को मनाया। ट्रंप ने फांसी रद्द होने की पुष्टि के लिए अपने सूत्रों के बारे में नहीं बताया, जिससे उनके बयानों के पीछे की खुफिया जानकारी के बारे में सवाल उठ रहे हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक ब्रीफिंग के दौरान ट्रंप की स्थिति को दोहराया, और कहा कि प्रशासन ईरान में स्थिति पर करीब से नज़र रख रहा है। उन्होंने रुकी हुई फांसी को एक सकारात्मक कदम बताया, लेकिन चेतावनी दी कि अगर हत्याएं फिर से शुरू हुईं तो गंभीर परिणाम होंगे। लेविट ने कहा, राष्ट्रपति के लिए सभी विकल्प खुले हैं, जो इस सप्ताह की शुरुआत में ट्रंप द्वारा हस्तक्षेप की दी गई धमकियों को दोहरा रहा था। यह ट्रंप की बुधवार की उस टिप्पणी के बाद आया है कि प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद हो गई हैं, जिससे उन्होंने तुरंत कार्रवाई करने के बजाय देखने और इंतजार करने का फैसला किया। प्रशासन के संदेश से पता चलता है कि वह इंतजार करो और देखो की नीति अपना रहा है, और अब सैन्य हमले कम आसन्न लग रहे हैं।

## प्रदर्शन, इंटरनेट बंद और डर का माहौल, *लेकिन मोदी हैं तो मुमकिन हैं...*



### ईरान से लौटे भारतीय नागरिकों ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के बीच, छात्रों और तीर्थयात्रियों सहित कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। ईरान में अस्थिरता को देखते हुए भारतीय सरकार द्वारा वहां मौजूद अपने नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह दिए जाने के बाद ये आगमन हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ईरान से लौटे एक भारतीय नागरिक ने स्थिति को बिगड़ता हुआ बताया और भारतीय अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने कहा कि वहां हालात खराब हैं। भारत सरकार बहुत सहयोग कर रही है और दूतावास ने हमें जल्द से जल्द ईरान छोड़ने के बारे में जानकारी दी। 'मोदी जी हैं तो हर चीज मुमकिन है। अधिकारियों ने बताया कि ईरान से भारतीयों को लेकर आने वाली पहली उड़ान, महान एयर की तेहरान से उड़ान संख्या W 5-071, दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गई। लौटने वालों के परिवार टर्मिनल पर अपने रिश्तेदारों का स्वागत करने के लिए जमा हुए, जिनमें अशांति के कारण फंसे तीर्थयात्री भी शामिल थे।

## भारत केवल भूगोल नहीं, एक चरित्र है- मोहन भागवत



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** छत्रपति संभाजीनगर के गंगापुर में आयोजित 'हिंदू सम्मेलन' और 'युवा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत के भविष्य और हिंदुओं की वैश्विक जिम्मेदारी पर एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की पहचान केवल एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक विशिष्ट 'चरित्र' है, जिसकी धुरी हिंदू समाज है। भागवत ने कहा कि हिंदू समाज पारंपरिक रूप से समावेशी और सभी को स्वीकार करने वाला रहा है, जो रीति-रिवाजों, पहनावे, खान-पान, भाषा, जाति और उपजाति में विविधता को अपनाता है और इन मतभेदों को संघर्ष का कारण नहीं बनने देता। उन्होंने यह बातें मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में आयोजित 'हिंदू सम्मेलन' में कहीं। भागवत ने कहा, 'अगर भारत में कुछ अच्छा या बुरा होता है, तो हिंदुओं से पूछा जाएगा। भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र है।' आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'जो लोग एकीकरण और सद्भावपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखते हैं, वे हिंदू समाज और देश के सच्चे चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह परंपरा सदियों से आक्रमणों और विनाश के बावजूद संरक्षित रही है। ऐसे लोग हिंदू कहलाते हैं और उनकी भूमि भारत कहलाती है।'




